50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 5.2 °c | अधिकतम 21.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:08, सूर्यास्त : 5:23 | वर्ष : 50/ अंक : 348 | सोमवार, 19 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

जो लोग समझदार होते हैं, वे दूसरे से उलझने के बजाए खुद को सुधारने में वक्त बिताते हैं।

मुस्लिम वोटों को चिविंगम की तरह चूसने और चलता करने का चलन चल रहा है : मुख़्तार अब्बास नकवी



अब तक तो जो भी नेता मिले.... बेवफा मिले.....

गांव-गांव जाकर खोलेंगे भाजपा सरकार की पोल: जयंत

▸ खतौली की जीत से गदगद रालोद प्रमुख जयंत ने भाईचारे को और मजबूत करने पर दिया बल ▸ भाईचारा सम्मेलन में गन्ना मूल्य, अग्निवीर और चीन के मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

खतौली, 18 दिसंबर (बु.)। रालोद प्रमुख सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि प्रदेश के किसानों, कमेरों और नौजवानों के साथ ही व्यापारियों या किसी भी वर्ग के हितों की चिंता भाजपा सरकारों को नहीं है। देश की सीमा सुरक्षित नहीं है, सरकार जानकारी देने से बच रही है, चीनी हमले की जानकारी जनता को मीडिया से मिली। प्रदेश में किसान दुर्दशा का शिकार हो रहा है। पूंजीवाद हावी है, गन्ना मूल्य सरकार घोषित नहीं कर रही और बकाया भुगतान मिलों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। किसान की हालत एक गरीब मजदूर से भी बदतर है। सरकारी मदद सरकार के दलाल खा रहे हैं। उन्होंने भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि हम चौ. अजित सिंह के सपने को साकार करने के लिए हर घर तक जायेंगे, समाज को जोड़ने के लिए जो भी बन पड़ेगा करेंगे, खतौली के इस संदेश को जीवंतता प्रदान की जायेगी, वोट से निकली आपसी सद्भाव की इस उम्मीद को मरने नहीं दिया जायेगा।

खतौली स्थित नवीन मंडी स्थल में सपा रालोद गठबंधन का भाईचारा सम्मेलन व धन्यवाद सभा कार्यक्रम हुआ। इस रैली की अनुमति देने से इंकार कर देने वाले जिला प्रशासन ने गठबंधन के नेताओं की चेतावनी के बाद शुक्रवार की शाम को शर्तों के साथ दे दी थी। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भाईचारा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। धन्यवाद सभा में उन्होंने कहा कि खतौली का यह चुनाव वह जीवन में हमेशा याद रखेंगे। यहां चुनाव प्रचार के दौरान तीन गांव में तो वह हर घर तक गए। हर व्यक्ति तक पहुंचने का उन्होंने प्रयास किया। जिस हौसले के साथ आपने गठबंधन के पक्ष में जनादेश देकर भाईचारे का संदेश दिया, मैं आपके उस जज्बे को सलाम करता हूं। आपके इस समर्थन ने मेरी हिम्मत बढ़ाने का काम किया है। खतौली के

इस जनादेश से सीख लेकर तय किया है कि आपसी प्रेम और भाईचारे की बुनियाद पर कायम हुआ सामाजिक गठजोड़ का यह कारवां रुकेगा नहीं। गठबंधन के जरिए व्यवस्था बदलने की लड़ाई है। इसको हम जारी रखेंगे और आपके समर्थन से सामाजिक गठजोड़ को आपसी सौहार्द्र तक कायम करने के लिए लड़ते रहेंगे।

सांसद जयंत चौधरी ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश का किसान दुर्दशा से व्यथित है। भाजपा के जो लोग साल 2014 में किसानों की आय को दोगुना करने का वादा कर रहे थे, सरकार में किसानों के हितों के लिए कार्ययोजना लाने की बात कर रहे थे, उन्हीं की सरकार की रिपोर्ट है कि देश में किसान की औसत आय 8061 रुपये है। एक परिवार में कई-कई सदस्य होते हैं। इस आय में किसान अपना और परिवार का गुजारा कैसे कर पायेगा? किसानों को मदद के नाम पर 05 हजार रुपये देने वाली इस सरकार में इस मदद के लिए सरकारी दलाल का जमावड़ा है। उसरकार के दलाल किसानों को परेशान करते हैं, लेकिन किसानों की चिंता नहीं करते। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बात करें तो वादा किया गया था कि पेराई सत्र प्रारंभ से पूर्व बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करा दिया जायेगा, लेकिन न तो भुगतान ही हो पाया और न ही सरकार गन्ने का भाव ही खोल रही है। जनता अब इनकी मंशा सम-ा चुकी है, पांच साल में गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाने वाली इस सरकार से किसानों को ज्यादा उम्मीद करनी भी नहीं चाहिए।

रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने कहा कि आज देश की सीमाएं भी असुरक्षित हो रही हैं, अरूणाचल प्रदेश की सीमा पर भारत के अंदर ही चीन का दखल बढ़ रहा है, लेकिन सरकार चीन की इस जोर जबरदस्ती पर कोई जवाब नहीं दे रही है। जनता के बीच उलटा ही प्रचार किया जा रहा है। हमारी सेना किसी से कम नहीं, सरकार सीमाओं को सुरक्षित करने का काम करे। चीनी हमले की जानकारी सरकार से नहीं मीडिया से जनता को मिली है। सरकार जवाब देने से बच रही है, जबकि सरकार को सदन में सबसे पहले इसकी जानकारी देनी चाहिए थी। फ्राइडे के हमले की घटना की जानकारी मंगलवार को दी जा रही है। हम देश की सुरक्षा के साथ सम-ौता नहीं कर सकते हैं। हमारे आपके बच्चे ही देश की सीमाओं पर राष्ट्रहित में सुरक्षा के लिए तैनात हैं। कुर्बानी का जज्बा रखने वाले ऐसे परिवारों को सरकार ने बात छुपाकर ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि चीन पर सवाल मत पूछो, मैं ऐसे लोगों को कहना चाहता हूं कि हम किसानों की बात कर रहे हैं, सरकार से हम खुला कहते हैं कि देश के किसानों के लिए

अगली योजना को रद्द कर दीजिए, बजट सैनिकों को दिया जाये। देश पर जान न्यौछावर करने वालों को पक्की नौकरी मिले, सम्मान मिले और पेंशन मिले। सैनिकों को पेंशन देने के नाम पर सरकार बजट नहीं होने, पैसा नहीं होने का बहाना करती है, मैं पूछना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री के लिए दो दो नए हवाई जहाज खरीदने के लिए पैसा कहां से आया? पीएम मोदी चुनाव प्रचार पर इतना मोटा धन कहां से खर्च कर रहे है? पूंजीपतियों के नए प्लांट लगाने को सरकार इतनी आतुर क्यों रहती है? ये पैसा देश की सेना को मजबूत बनाने के लिए किया जाये। धन्यवाद सभा में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, राजेन्द्र शर्मा, पूर्व मंत्री मेहराजुद्दीन, विधान मंडल दल के नेता विधायक राजपाल बालियान, विधायक चंदन सिंह चौहान, विधायक गुलाम मौहम्मद, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली खां, विधायक अनिल कुमार, विधायक मदन भैया, विधायक सरधना अतुल प्रधान, पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, पूर्व मंत्री चौ. योगराज सिंह, प्रदेश महासचिव संगठन अजीत राठी, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, आसपा जिलाध्यक्ष जगदीश पाल, संजय राठी, सुधीर भारतीय, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, सपा के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा, कमल गौतम, श्यामलाल बच्ची सैनी, धीरेन्द्र राठी, संगीता दोहरे, भीम आर्मी पश्चिमी यूपी प्रभारी कपिल आजाद, मंडल प्रमुख आसपा राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, कुलदीप उज्जवल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी और संचालन रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने किया।

तेल टैंकर लुढ़कने से लगी आग; 19 की मौत, 32 घायल

काबुल, 18 दिसम्बर (वार्ता)। अफगानिस्तान के परवान प्रांत के पास सलंग दर्रे में सुरंग में आग लग गई। इसमें उन्नीस लोगों की मौत की खबर है, जबकि 32 अन्य लोग घायल हो गए हैं। अफगान मीडिया ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मृतकों और घायलों की संख्या मौजूदा संख्या की तुलना में बहुत ज्यादा हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार की देर रात एक तेल टैंकर के लुढ़कने के कारण सुरंग में आग लगी है। सलंग सुरंग के रखरखाव के प्रमुख हाफिज मोहम्मद याकूब ने कहा, घटना के दौरान धुएं भरने से पीड़ितों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। रविवार सुबह एक और मौत व बीस अन्य लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। इसके अलावा सलंग सुरंग की छत को भी बड़ा नुकसान हुआ है। पीड़ितों में बच्चे भी शामिल हैं और कई पीड़ितों के शवों की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि सुरंग अब यातायात के लिए खुल गई है। आग पर काबू पा लिया गया है और फंसे हुए कुछ लोगों को बचाया गया है।

सड़क हादसे में 2 की मौत

बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)। एक सड़क हादसे में दो किसानों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीसरा किसान गंभीर रुप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के गांव भैंसवाल निवासी लगभग 35 वर्षीय धूम सिंह अपना ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर अपनी रिश्तेदारी में फुगाना थाना क्षेत्र के गांव लिसाढ के मजरा बादशाहपुर में कई दिनों से आया हुआ था। आज रविवार के दिन जब वह अपनी टेक्ट्रर ट्रॉली में गन्ने भरकर गांव बादशाहपुर से बागपत जनपद के गांव निरपुडा जा रहा था तो ट्रेक्टर ट्राली पर उसके रिश्तेदार 32 वर्षीय नीरज मलिक पुत्र रणवीर सिंह और 31 वर्षीय मनीष पुत्र हरबीर सिंह भी बैठे हुए थे। बताया जाता है कि दोपहर लगभग 11 बजे जब वह मेरठ वाया करनाल हाईवे पर फुगाना बस अड्डे के पास आए तो तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने से तेज गति से अचानक से एक कार आ गई। तब उक्त कार को बचाने के लिए ट्रेक्टर चालक धूम सिंह ने ट्रैक्टर में ब्रेक लगाए लेकिन ब्रेक लगने से गन्ने से भरी ट्रॉली का हच टूट गया। हच टूटने से गन्ने से भरी ट्रॉली ट्रैक्टर से टकरा गई। ट्रॉली की टक्कर से ट्रैक्टर पलट गया। तब ट्रैक्टर पर सवार चालक सहित तीनों ग्रामीण युवक उसके नीचे दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। तब घटनास्थल के पास मौजूद फुगाना पुलिस ने आनन-फानन में निमार्णाधीन पुल पर मौके पर खड़ी क्रेन से ट्रैक्टर को उठवाया और उसके नीचे दबे तीनो युवकों को बाहर निकलवाकर जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। नीरज मलिक की मुजफ्फरनगर चिकित्सालय में तथा धूम सिंह की मेरठ चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवारों में शोक छा गया। मौके पर पहुंची फुगाना पुलिस ने मीडिया को बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नही आई है। दोनों किसानों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

खतौली की जनता ने तोड़ा भाजपा का घमंड

खतौली। सरधना सीट के सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि खतौली की जनता ने भाजपा का घमंड तोड़ने का काम किया है, क्योंकि पूरे चुनाव में भाजपा नेताओं को इस बात का गरूर था कि जीत तो उनकी ही होगी। मंत्री और संतरी दोनों ही मिल गये थे, लेकिन छत्तीस बिरादरी के लोगों ने एक होकर प्रचंड जीत दिलाने का काम किया है। विधायक ने चुटकी लेते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में अफसरशाही हावी है, विपक्ष की तो अधिकारी थोड़ी बहुत सुन भी रहे है, लेकिन सत्ताधारी विधायकों की हालत तो बेहद पतली है।

सावधान रहें, चिंगारी न सुलग जाये: मदन भैया

खतौली। खतौली के नवनिर्वाचित विधायक मदन भैया ने धन्यवाद खतौली बोलकर मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब खतौली और मुजफ्फरनगर उनका घर है और यहां के लोगों के हितों पर वो कोई आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ आकर साम्प्रदायिक ताकतों को कमजोर तो किया है, लेकिन अभी चिंगारी दबी हुई है। इसलिए आगे भी सावधान रहना है, ताकि चिंगारी सुलग न पाये।

जिसके नाम का बटन दबाओगे, जीत उसी की होगी: मलिक

खतौली। सपा के पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि खतौली की जनता ने इतिहास लिखने का काम किया है, जिसका संदेश पूरे देश में गया है। किसानों के नेता जयंत चौधरी ने जो राह दिखाई थी, उसे आप सब ने सुखद बनाने का काम किया है। इस चुनाव में यह भी साफ हो गया है कि भाजपा किसी तरह की गड़बड़ी करने की स्थिति में नहीं है। आप जिसके भी नाम का बटन दबाओगे, जीत उसी की होगी।

सरगम कौशल ने जीता मिसेज वर्ल्ड का खिताब

नई दिल्ली, 18 दिसंबर (वार्ता)। सरगम कौशल ने मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2021 की विजेता रहीं अमेरिका की शायलिन फोर्ड ने शनिवार को वेस्टगेट लास वेगास रिजॉर्ट एंड कसीनो में आयोजित एक समारोह में उन्हें ताज पहनाया। इस प्रतियोगिता में मिसेज पोलिनेशिया को फर्स्ट रनर-अप और उसके बाद मिसेज कनाडा को सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया। इसकी जानकारी मिसेज इंडिया पेजेंट ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर दी। पेज पर सरगम की फोटो के साथ कैप्शन में लिखा गया है, "लंबा इंतजार खत्म हो गया है। 21 साल बाद ताज हमारे पास वापस आ गया है।" समारोह के बाद एक वीडियो में जम्मू-कश्मीर की रहने वाली मिसेज वर्ल्ड ने कहा, "हमें 21-22 साल बाद ताज वापस मिला है। मैं बहुत उत्साहित हूं। लव यू इंडिया, लव यू वर्ल्ड।"साल 2001 में मिसेज इंडिया का ताज भारत लाने वाली अदाकारा-मॉडल अदिति गोवित्रिकर भी सरगम की इस जीत पर खुश नजर आईं। उन्होंने सरगम को टैग करते हुए लिखा, "हार्दिक बधाई सरगम कौशल इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए बहुत खुश हूं ..21 साल बाद ताज वापस आया है।" सरगम कौशल जम्मू कश्मीर से ताल्लुक रखती हैं। वो एक शिक्षिका और मॉडल हैं। साल 2018 में शादी के बाद से ही उन्होंने ब्यूटी पेजेंट जीतने की ठान ली थी। वह मिसेज इंडिया 2022 में भी हिस्सा ले चुकी हैं। इस प्रतियोगिता का खिताब भी उन्होंने अपने नाम किया था।



गांव और शहर : ठंड के साथ कोहरे का कहर

▸ ना अलाव, ना कंबल ना रैन बसेरा ▸ प्रशासन को नहीं महसूस हो रही है शीत लहर ▸ रेलगाड़ियां लेट, सफर चढ़ रहा है धुंध की भेंट

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। कड़ाके की ठंड के बीच जहां ठिठुरन भरी ठंड से लोग बेहाल हैं,वहीं सुबह के समय लगातार घना कोहरा जन जीवन के लिए मुसीबत बना हुआ है। आज सुबह भी घने कोहरे के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। रेल और सड़क दोनों यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। शहर में थोड़ा बेहतर स्थिति थी, लेकिन बाहरी इलाकों और खासतौर से मुख्य मार्गों पर कोहरे की घनी परत के बीच हादसों का खतरा बढ़ रहा है। इसके चलते आज भी वाहनों को लाइटें जलाकर सावधानी से चलाना पड़ा। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में ठंड के तेवर और तीखे होंगे और इसके साथ ही कोहरे की मार भी जारी रहेगी। रविवार को तो शाम से ही कोहरे का नजारा दिखाई देने लगा। शहर में आज तापमान अधिकतम 21.4 और न्यूनतम 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि अभी तक प्रशासन और पालिका को ठंड नहीं लगी है। यही कारण है कि ना तो अलाव जले हैं, ना सरकारी कंबल वितरण हो रहा है और ना ही रैन बसेरे की ओर अभी तक कोई ध्यान है। आज भी एक्यूआई 336 पर दर्ज किया गया।

मौसम के तेवर लगातार तीखे बने हुए हैं। खासतौर पर पिछले चार दिनों में तापमान में आई तेज गिरावट जनजीवन को कंपाने लगी है। मौसम में आए इस बदलाव का असर जीवनचर्या के साथ सेहत पर भी पड़ रहा है। सुबह के समय तीन दिन से घने कोहरे के कारण दृश्यता बुरी तरह प्रभावित हुई है। खास बात यह है कि इस बार अभी तक पहाड़ों पर बहुत कम बर्फबारी हुई है। इसके बावजूद पहाड़ों पर बर्फीली सर्दियों की दस्तक से वहां से आने वाली तीखी हवाएं मैदानों के हाड़ कंपाने में लगी हैं। पड़ौस में उत्तराखंड के पहाड़ों में कई स्थानों पर पारा काफी नीचे जा चुका है। शहर की स्थिति यह है कि आज सुबह चारों ओर कोहरे की मोटी चादर के बाद दिन चढ़ते भगवान भास्कर के दर्शन ठंड के अहसास को कम कर रहे हैं। हालांकि दिन की धूप भी अब काफी नर्म है। इसके अलावा धूप ढलते ही फिर से ठंडी हवाओं के झोंके जन जीवन को झकझोर रहे हैं। सूरज ढलते ही ठंड का प्रकोप शुरू हो जाता है और रात को तापमान काफी नीचे पहुंच जाता है। मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज होगी। फिलहाल मौसम साफ बना रहेगा, लेकिन कोहरा और शीतलहर परेशानी बढ़ा सकता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक गर्म पकड़े पहनकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। शाम भी जल्द ढलने के साथ बाजारों में जल्द ही सन्नाटा पसर रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में पारा और नीचे जा सकता है। खासतौर से 23 से 29 दिसंबर के दौरान न्यूनतम तापमान में और गिरावट के आसार हैं। यानी जल्द ही और कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने वाला है। अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान औसत या औसत से नीचे दर्ज किए जाने की संभावना है। आज जन जीवन भले ही कड़ाके की ठंड में परेशान है, लेकिन लगता है कि पालिका और प्रशासन को अभी ठंड नहीं लगी है। इसके चलते शासन के निर्देशों के बावजूद ना तो अभी चौराहों पर अलाव नजर आ रहे हैं और ना ही बेसहारा लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण की कोई योजना नजर आ रही है। स्थाई रैन बसेरा उजड़ा हुआ है और अस्थाई रैन बसेरा बनाने की ओर भी किसी का ध्यान नहीं नजर आ रहा है।

चार घंटे देरी से पहुंची नौचंदी, कालका एक्सप्रेस रही रद्द

मुजफ्फरनगर। कोहरे के असर से सड़क और रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर यातायात जहां रेंगता दिखाई दिया, वहीं आज नौचंदी एक्सप्रेस समेत तमाम रेलगाड़ियां काफी विलंब से चली। कोहरे में रेलयात्रियों के लिए सफर परेशानी भरा साबित हो रहा है। इसके चलते आज सुबह नौचंदी एक्सप्रेस जहां करीब चार घंटे की देरी से पहुंची, वहीं सुपर समेत तमाम रेलगाड़ियां करीब एक घंटे तक विलंब से चली। सुपर चालीस मिनट और कोच्चिवली तीन मिनट की देरी से यहां पहुंची। कोहरे के कारण कालका एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया।

सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में पीनना के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं छपार थाना क्षेत्र में बरला के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। इसके अलावा गत् दिवस तितावी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल एक और युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण हेतु भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में पीनना के निकट आज दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, उसकी उम्र 35 वर्ष के आसपास है। पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास कर रही है। इसके अलावा छपार थाना क्षेत्र में बरला के निकट सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी 46 वर्षीय अरूण कुमार गिरी पुत्र ओमप्रकाश गिरी बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। बरला के निकट तेज रफ्तार से आई कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा गत दिवस तितावी थाना क्षेत्र के गांव धौलरा के समीप हुए सड़क हादसे में घायल एक अन्य युवक की भी मौत हो गई। ज्ञातव्य है कि गत् दिवस शामली जनपद के गांव लांक निवासी 25 वर्षीय दुष्यंत पुत्र रामकुमार अपने साथी अनुज व एक अन्य के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर से अपने गांव लौट रहा था। तितावी थाना क्षेत्र में धौलरा बस स्टैंड पर एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दुष्यंत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुज और एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। हायर सेंटर ले जाते समय अनुज की भी रास्ते में मौत हो गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी के फंदे पर झूलती मिली

शाहपुर, 18 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 34 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया । क्षेत्र के गांव सोरम निवासी 34 वर्षीय सोनिया पत्नी मोनू रविवार को घर में अकेली थी, जबकि उसका पति खेत पर गया हुआ था। महिला ने घर के कमरे में लगे कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतका का पति खेत से वापस घर लौटा, तो उसे घटना की जानकारी हुई और उसने अपने आस-पड़ौस में घटना की जानकारी देने के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी । सूचना पर थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को नीचे उतारा । घटना की सूचना पर सीओ बुढ़ाना विनय गौतम भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली । इसी दौरान घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को भी दी गई । सूचना पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग रखी, जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया । बताया गया कि महिला मानसिक तनाव से ग्रस्त थी और उसका उपचार भी चल रहा था। महिला की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और उसके कोई संतान भी नहीं थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्यवाही की जा सकेगी।

मृतक महिला व मौके पर पहुंचकर लिखा-पढ़ी करती पुलिस

सुप्रीम कोर्ट ने कहा: पुलिस अधिकारियों को मोरल पुलिसिंग का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, 18 दिसंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने सीआईएसएफ के एक कांस्टेबल को सेवा से हटाने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को मोरल पुलिसिंग करने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस संजीव खन्ना और जेके माहेश्वरी की पीठ ने गुजरात हाईकोर्ट के 16 दिसंबर 2014 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें सीआईएसएफ कांस्टेबल संतोष कुमार पांडे की याचिका को स्वीकार किया गया था और पचास फीसदी पिछले वेतन के साथ सेवा में उनकी बहाली का निर्देश दिया था। पांडे सीआईएसएफ में एक कांस्टेबल के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें गुजरात के वडोदरा में आईपीसीएल टाउनशिप के ग्रीनबेल्ट क्षेत्र में नाइट ड्यूटी पर तैनात किया गया था, जहां उन्हें कदाचार के आरोपों पर 28 अक्तूबर, 2001 को ज्ञापन के जरिए चार्जशीट किया गया था। चार्जशीट के अनुसार, पांडे 26 और 27 अक्तूबर 2001 की दरमियानी रात को वडोदरा के आईपीसीएल टाउनशिप के ग्रीनबेल्ट एरिया में एक बजे रात को ड्यूटी पर तैनात थे, मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति महेश बी. चौधरी और उनकी मंगेतर इलाके से गुजर रहे थे और कोने में रुक गए थे, तभी पांडे आगे आए थे और उनसे पूछताछ की थी। आरोपों के अनुसार, पांडे ने स्थिति का फायदा उठाया और चौधरी से कहा कि वह उनकी मंगेतर के साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं। चार्जशीट में कहा गया है कि जब चौधरी ने इसका विरोध किया और नहीं माने तो पांडे ने उन्हें कुछ देने के लिए कहा और चौधरी ने उस समय पहनी हुई एक घड़ी दी।

पुत्री की ससुराल आए पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपा, 18 दिसम्बर, (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी वृद्ध पिता की बेटी का उजड़ा घर बसाने के लिए दहेजलोभी ससुरालियों से बातचीत करते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी सुकेश शर्मा पुत्र नकली सिंह की बेटी मीनाक्षी की शादी थाना क्षेत्र के ही गांव छछरौली निवासी मोहित कुमार पुत्र पवन से 3 मार्च 2019 को हुई थी। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाहिता के ससुरालियों द्वारा बार-बार दहेज की मांग करते हुए मीनाक्षी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते वह लगभग एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। मृतका के परिजनों का आरोप हैं कि लड़के वाले शादी के बाद से उत्तराखंड राज्य के रुड़की शहर में मकान बनाने के लिए रूपयों की मांग कर रहे थे। दोनों पक्षों के बीच लगभग एक साल से बातचीत का सिलसिला भी बन्द हैं। रविवार को सुकेश शर्मा अपने पुत्र राहुल शर्मा और गांव के ही सुरेंद्र के साथ बेटी का उजड़ा घर बसाने के लिए उसकी ससुराल गांव छछरौली पहुंचे और ससुरालियों से बातचीत की। विवाद व मनमुटाव आदि को खत्म करने के लिए दोनों पक्ष आपस में बातचीत करने लगे, लेकिन कोई हल निकलता न देख अभागे पिता की सांसों की डोर रूक गई। पिता बेटी की ससुराल पक्ष की कर्कश व कुटिल बातों को सहन नहीं कर सकें और अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। तुरंत ही गांव के ही निजी चिकित्सक को दिखाया गया, लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की लिखा पढ़ी जारी है वृद्ध की मौत से सुकेश शर्मा की पत्नी सुमन पीड़िता बेटी मीनाक्षी दूसरी बेटी दीपिका व बेटे राहुल शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।



मदर्स प्राइड स्कूल में एनुअल फेस्ट का आगाज

बच्चों को मोबाइल के उपयोग से बचाव को किए जाने चाहिए प्रयासः अंकुर दुआ

मनोहारी प्रदर्शन... पुरस्कृत बच्चों के साथ अतिथि, कार्यक्रम को सम्बोधित करते अंकुर दुआ तथा सुंदर मंचीय नृत्य प्रस्तुति देते नन्हें मुन्ने छात्र और छात्राएं।

फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सरकुलर रोड स्थित मदर्स प्राइड स्कूल में एनुअल फेस्ट कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, कारागार अधीक्षक सीताराम शर्मा व गेस्ट ऑफ ऑनर दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। विशिष्टि अतिथि डॉ. विवेक गुलाटी, असद फारूकी, सविता स्वरूप, याशिका चौहान, चारू गुप्ता, दा एसडी पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग की को-ऑर्डिनेटर शिवानी गुप्ता, रितु मित्तल, संतोष शर्मा, साधना मेहता, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. एसएन चौहान, विशाल गर्ग, डॉ. संदीप मित्तल, सुरेन्द अग्रवाल अध्यक्ष गुडविल सोसायटी एवं राकेश कुमार जैन भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पारिवारिक मूल्यों, देशभक्ति, विविधता में एकता और सामाजिक मुद्दों पर आधारित प्रस्तुतियां शामिल थी। भक्ति भाव से शुरू हुए इस उत्सव ने समाज और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को अपनाया। मदर्स प्राइड स्कूल की डायरेक्टर डॉ. रिंकू एस गोयल ने माता-पिता के साथ बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए निर्देशित किया कि बच्चे के सफल पालन-पोषण के लिए माता-पिता के जीवन को आसान कैसे बनाया जाए। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने माता-पिता को संबोधन द्वारा सलाह और प्रशंसा के रूप में अनमोल शब्दों के द्वारा अवगत कराया कि हमें खास तौर से ध्यान रखना चाहिए कि हम अपने बच्चों को मोबाइल फोन का उपयोग कम से कम कराएं, इसी दिशा में हम सब लोगों को सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कश्मीरी नृत्य, गोवा थीम, राजस्थानी नृत्य, भांगड़ा के ऊपर अपने नृत्य का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कल्चरल रैंप वॉक मैं प्ले की नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भारत की विभिन्न संस्कृतियों को जैसे श्रीनगर, कर्नाटका ,केरला, श्रीनगर, बड़ोदरा, मराठी, चेन्नई, पंजिम आदि प्रस्तुति कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शुभ, शुभा, लविश, शरण्या, यशवर्द्धन, यशिका ने किया। मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने समारोह को सफल बनाने के लिए बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए उनके प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से इकट्ठा होकर बच्चों को पुरस्कृत किया व उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं प्रेषित की।

निकाय चुनाव पर सीओ ने की बैठक

कैराना, 18 दिसंबर (बु.)। आगामी निकाय चुनाव शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के लिए कोतवाली में सीओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ अमरदीप मौर्य ने कहा कि चुनाव में खलल डालने वालों की पहचान की जा रही है। अगर कोई प्रत्याशी वोटरों को अपने हक में करने के लिए शराब व पैसों का प्रलोभन देता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पूर्व में शराब तस्करी व अवैध हथियारों के साथ पकड़े गये आरोपियों की सूची बना ली गई है। मतदाता चुनाव के दिन अपनी वोट डाल कर वापस अपने घर पर आकर रहे। अगर बिना वजह पोलिंग सेंटर के पास कोई व्यक्ति मिलता है तो उसके विरूद्ध भी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। करीब 500 अपराधिक प्रवत्ति के लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी, एसएसआई राजेश कुमार के अलावा वार्ड सभासद व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फावड़े से हमला कर किया घायल किया

कैराना, 18 दिसंबर (बु.)। खेत में पानी चला रहे किसान पर रंजिश के चलते दो सगे भाईयों ने फावड़े से हमला कर दिया, जिससे किसान घायल हो गया। घायल किसान की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाईयों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव मौहम्मदपुर राई निवासी नासिर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनका खेत नंगला राई गांव के पास है। शनिवार अपराहन करीब 3 बजे वह अपने खेत पर पानी चला रहा था। इसी दौरान नंगला राई निवासी शहनवाज व उसका भाई फारूख वहां आये तथा रंजिश के चलते गाली गलौच करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके ऊपर फावड़े से हमला कर दिया। उसने किसी तरह अपने हाथ से फावड़े का वार रोका तो उसका हाथ काफी गहरा कट गया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गये। कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि घायल किसान का उपचार कराने के साथ ही शहनवाज व उसके भाई फारूख निवासी नंगला राई के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मारपीट और गाली गलौच में रिपोर्ट दर्ज

कैराना, 18 दिसंबर (बु.)। ठेके पर दी गई जमीन के पैसों का तकादा करने पर सगे भाई व उसके पुत्र ने लाठी डंडों से मारपीट कर ग्रामीण को घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव मंडावर निवासी यूसुफ ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके भाई कुम्मत ने उसकी जमीन ठेके पर ले रखी है। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे उसने जमीन के पैसों का तकादा किया तो कुम्मत व उसके बेटे कौशर ने उसके साथ लात घुसों व लाठी से मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

कार व ट्रैक्टर ट्राली की भिडंत, घायल

कैराना, 18 दिसंबर (बु.)। पानीपत रोड पर सुबह के समय घने कोहरे के चलते कार व ट्रैक्टर ट्राली में भिडंत हो गई। हादसे में कार चालक को भी मामूली चोट आयी। रविवार सुबह करीब साढे 8 बजे कंडेला निवासी एक ग्रामीण कार द्वारा हरियाणा के सनौली जा रहा था। पानीपत रोड पर पंजीठ बिजली घर के पास एक ट्रैक्टर ट्राली डिवाइडर पार कर-के दूसरी साइड मुडने लगी, लेकिन कोहरे के कारण कार चालक ट्रैक्टर ट्राली को नहीं देख सका, जिस कारण कार की ट्रैक्टर ट्राली से भिडंत हो गई और कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक को भी मामूली चोटें आयी। चालक चला गया।

फडणवीस को फिर बनना चाहिए सीएम

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (वार्ता)। महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र से पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बवनकुले ने बड़ा बयान दिया है। बवनकुले ने एक बार फिर देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की. बवनकुले ने कहा कि मेरे भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र अध्यक्ष पद के कार्यकाल में देवेंद्र फडणवीस को फिर एक बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनना चाहिए। बवनकुले ने कहा कि फडणवीस ने हर समाज को न्याय दिलाने के लिए काम किया है।

राज्यमंत्री कपिल देव ने किया खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ, खेल भावना की दिलाई शपथ

आर्य एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस आयोजित

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा खेल ज्योति को प्रज्जवलित कर तथा झंडारोहण एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के पांच तत्व अग्नि, वायु, नीर, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी में विभाजित बच्चों द्वारा मार्च पास्ट से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने बच्चों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई तथा उनका जीवन कैसा हो इस विषय पर अपने विचार रखे। पांचों तत्वों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट के अनुशासन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित प्रभा सिंह ने बच्चों को सम्मानित करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। प्री प्राइमरी के बच्चों ने सेव एनवायरनमेंट, पीक ए बू आई फाउंड यू, लेसिंग बीड्स, सेम पिंच आदि रेस में पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। नन्हे मुन्ने को दौड़ते देखकर उनके अभिभावक, अतिथि तथा अन्य दर्शक भी उत्साह से भरे थ। योगिक क्रियाओं एवं मुद्राओं की संगीत में प्रस्तुति कर बच्चों ने सभी को सम्मोहित कर लिय। धावकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तथा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। दादा दादी के लिए विशेष हेल्थ इज वेल्थ नामक दौड तथा माताओं ने स्पून लेमन रेस में प्रतिभाग करके ट्रॉफी अपने नाम की। अनिल आर्य, संदीप मलिक, शिव कुमार, नीरज बालियान, रविंद्र दहिया, आनंद सिंगल, अनुज राठी, चंद्र वीर सिंह, विशाल गर्ग, नितिन मित्तल, दीपक शर्मा एवं मोहम्मद इश्तियाक उपस्थित रहे। संस्थापक डॉ. सत्यवीर आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया, प्रधानाचार्य सोनिका आर्य ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

फोटो बुलेटिन

खेल प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि एवं कार्यक्रम के दौरान योगिक क्रियाओं का मनोहारी प्रदर्शन करते आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एवं छात्राएं।

वूमैन पॉवर ने गरीबों की ओर बढ़ाए कदम

चेयरमैन की मौजूगी में हुआ कंबल वितरण

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सर्दी और शीत लहर की दस्तक के बीच रविवार को वूमेन पॉवर संगठन द्वारा सांई धाम मंदिर रेलवे रोड पर शुरू हुए ठंडे मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बेसहारा व गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल का स्वागत संगठन द्वारा फूलों की वर्षा कर किया गया। स्वागत से अभिभूत नगर पालिका चेयरमैन द्वारा सरिता पाराशर एवं एसके बिट्टू की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए गरीब परिवारों के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। मुजफ्फरनगर में पिछले काफी समय से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले जिले के सामाजिक संगठन वूमेन पॉवर द्वारा हर साल की भाति इस साल भी दिसंबर के महीने में कंबल का वितरण किया। इस दौरान नगर के रेलवे रोड पर भारी संख्या में जरूरतमंद गरीब और बेसहारा लोगों ने आकर कंबल लिए और बदले में पूरे संगठन को दिल से दुआ दी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल का अध्यक्षा सरिता पाराशर ने पटका पहनाकर स्वागत किया और संगठन द्वारा चेयरमैन के ऊपर फूलों की वर्षा की। नई मंडी स्थित गूंगा देवी मुक्ता महिला आश्रम में भी संगठन की ओर से कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चेयरमैन अंजू अग्रवाल, वूमैन पॉवर संगठन की अध्यक्षा सरिता पाराशर, संयोजक एसके बिट्टू, दिल्ली वूमेन पॉवर अध्यक्षा संगीता गुप्ता, गीता ठाकुर, रोजी सिंह, गुलिस्ता, परवीन, साक्षी शर्मा, कविता, काव्या, जीनत जरीन, बरखा पाटिल, मीनाक्षी शर्मा समेत नारी शक्ति से संगठन से विनीता त्यागी, अफीफा जमाल, ट्विंकल सिंह, नजम अली, विनय पाराशर आदि का विशेष सहयोग रहा।

भागवत बोलेः चीन-अमेरिका जैसा बनने की कोशिश से भारत का विकास नहीं होगा

मुंबई, 18 दिसंबर (वार्ता)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यदि भारत चीन या अमेरिका जैसा बनने की कोशिश करेगा, तो यह उसका विकास नहीं होगा। भारत का विकास इसकी दृष्टि, इसके लोगों की स्थितियों और आकांक्षाओं, परंपरा और संस्कृति, दुनिया और जीवन के बारे में विचारों के आधार पर होगा। मोहन भागवत ने कहा कि जो धर्म मनुष्य को सुविधा संपन्न और सुखासीन बनाता है मगर प्रकृति को नष्ट करता है, वो धर्म नहीं है। उसी का अनुकरण अमेरिका और चीन को देखकर भारत करेगा तो ये भारत का विकास नहीं है। विकास होगा मगर भारत चीन और अमेरिका जैसा बनेगा। भारत की दृष्टि, संस्कार, संस्कृति, विश्व के बारे में विचार, इन सभी के आधार पर भारत का विकास होगा। अगर विश्व से कुछ अच्छा आएगा तो उसे हम अपना लेंगे।

मुस्लिम व्यापारियों ने मांगा कृष्ण गोपाल के लिए टिकट

भाजपा से किया हुआ है गोपाल ने आवेदन

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन बघरा तांगा स्टैंड इकाई के अध्यक्ष मौ. भूरा कुरैशी के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी की मौजूदगी में नगर के विकास को गति देने के लिए भाजपा संगठन से चेयरमैन के टिकट पर इस बार व्यापारियों की दावेदारी का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मौ. भूरा कुरैशी ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शीर्ष नेतृत्व से मांग करते हैं कि वरिष्ठ व्यापारी व भाजपा नेता जमीन से जुड़े, जुझारू, संघर्षशील व्यापारियों के साथ साथ हर वर्ग की किसी भी समस्या के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले कृष्ण गोपाल मित्तल को भाजपा से नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद हेतु प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि समाज के हर एक वर्ग के साथ-साथ गरीब, कमजोर वर्ग का भी इनके साथ जुड़ाव है। बैठक में दावा किया गया कि व्यापारी भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण आश्वस्त करते हैं कि इनके प्रत्याशी बनाए जाने से नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के चुनाव में पिछली दो योजनाओं से हार का सामना कर रही भारतीय जनता पार्टी जीत की ओर अग्रसर होगी।

बैठक में मुख्य रूप से हाजी मौहम्मद यूनुस, हाजी हबीबुल्लाह, मौहम्मद इस्लाम. इसराइल अहमद, मकसूद कुरैशी, विजय पाल, इंतजार, मिर्जा, वसीम मिर्जा, शहजाद मंसूरी, संजीव वशिष्ठ, मौहम्मद फजल, मौहम्मद शहाबुद्दीन, गोगी पहलवान, रईस अंसारी, अखिल वर्मा, दानिश पठान, जुल्फिकार, सोहेल सिद्दिकी, मौहम्मद रईस, निशांत, हनीफ, मौहम्मद गयूर, मौहम्मद रहमान सहित अनेकों व्यापारी और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। बैठक के बाद में नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

सूचनाः-अपरिहार्य कारणों से आज प्रकाशित होने वाला साप्ताहिक राशिफल प्रकाशित नहीं हो पा रहा है। -सम्पादक

दिल्ली में किसानों की गर्जना रैली आज, रहेगा जाम

नई दिल्ली। भारतीय किसान संघ की ओर से सोमवार को रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली आयोजित होगी। करीब 55 हजार किसान व अन्य लोग 800 बसों व 4000 निजी गाड़ियों से आएंगे। रामलीला मैदान व आसपास सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक ट्रैफिक प्रभावित हो सकता है।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 19 दिसंबर, 2022

मेष- आर्थिक लाभ, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, धनागम का मार्ग प्रशस्त, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, संत समागम।

वृषभ- कार्य प्रगति पर, अधूरी योजना साकार होने की ओर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, संभावित यात्रा संतोषजनक।

मिथुन- प्रियजनों के सहयोग से योजना की शुरुआत संभव, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

कर्क- कार्यों में बाधा, अध्ययन में व्यतिक्रम, योजना अधूरी, शारीरिक कष्ट, प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, व्यर्थ भ्रमण से नुकसान, यात्रा असफल।

सिंह- विशिष्टजनों के सम्पर्क से कुछेक कार्यों में सफलता, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

कन्या- कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत संभव, पारिवारिक समस्याएं सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा हेतु साधन सुलभ।

तुला- कार्यों में प्रगति की दिशा में प्रयास सफलता की ओर परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, राजनैतिक अभिरुचि, संत समागम भी।

वृश्चिक- आरोग्य सुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, खास व्यक्ति से धोखा खाने की आशंका, सम्बन्धों में ताल-मेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व।

धनु- प्रतियोगिता में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुझान, रचनात्मक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि।

मकर- कार्य-व्यवसाय में विस्तार या परिवर्तन हेतु नवयोजना की शुरुआत संभव, पारिवारक उत्तरदायित्व की पूत का प्रयास सार्थक, मनोविनोद सुलभ।

कुम्भ- अधूरी योजना साकार होने की ओर, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विनियोजित धन का प्रतिफल, मन प्रसन्न।

मीन- आरोग्य सुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, किसी खास व्यक्ति से धोखा खाने की आशंका, सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

नए साल में छह जनवरी को मिलेगा दिल्ली का पहला मेयर

पहली मेयर बनेगी महिला, दो से नामांकन

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (वार्ता)। नए साल के पहले सप्ताह में 6 जनवरी को दिल्ली को नए संयुक्त नगर निगम का पहला मेयर मिल जाएगा। नगर निगम के नियमों के मुताबिक, पहली मेयर एक महिला होंगी जिनका चुनाव बहुमत के माध्यम से नवनियुक्त पार्षद करेंगे। इसके पहले दो जनवरी तक मेयर पद हेतु नामांकन किया जा सकेगा। चूंकि, चुनाव के अंतिम दिन तक नामांकन वापस लिए जाने की सुविधा दी जाती है, इसलिए नए मेयर का चेहरा 6 जनवरी को ही तय हो पाएगा।

नियमों के मुताबिक, नगर निगम का चुनाव पांच साल के लिए होता है। विधानसभा या लोकसभा चुनाव के बाद यह नियम होता है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति सबसे ज्यादा सीटों वाले राजनीतिक दल को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद पर दावा करने यानी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। नगर निगम में ऐसा कोई नियम लागू नहीं होता। यहां मेयर का चुनाव बहुमत के द्वारा किया जाता है। सभी नवनियुक्त पार्षद अपने बीच से मेयर का चुनाव बहुमत के द्वारा करते हैं। ऐसे में किसी छोटे दल का पार्षद या स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर जीतकर आया पार्षद भी मेयर पद पर दावेदारी करने के योग्य होता है। इस साल के चार दिसंबर को दिल्ली नगर निगम के लिए मतदान हुआ था। सात दिसंबर को इसके परिणामों की घोषणा की गई थी। सभी नवनियुक्त पार्षदों की सूचना चुनाव आयोग के द्वारा नौ दिसंबर को केंद्र सरकार के पास भेजी गई थी। 15 दिसंबर तक दिल्ली में चुनाव आचार संहिता लागू की गई थी, लेकिन चुनाव और मतगणना संपन्न होने के बाद 12 दिसंबर को इसे वापस ले लिया गया। अब मेयर पद के लिए 6 जनवरी को मतदान होगा।

जिले को एक प्रवक्ता व दस सहायक अध्यापक मिले

सहायक अध्यापक व प्रवक्ताओं को राज्यमंत्री कपिल देव ने दिए नियुक्ति पत्र

मुजफ्फरनगर,18 दिसंबर (बु.)। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन रोजगार के अन्तर्गत लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश प्रयागराज से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों हेतु चयनित प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को आज एनआईसी में गृह जनपद मुजफ्फरनगर के सहायक अध्यापक एवं प्रवक्ताओं को कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा के स्वतन्त्र प्रभार राज्यमन्त्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया के कर-कमलों से नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर डीआईओएस गजेन्द्र कुमार उप प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार व ललित मोहन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

फोटो बुलेटिन चयनित शिक्षकों के साथ मंत्री कपिल देव, डॉ. निर्वाल।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन रोजगार के अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के पंचम चरण में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कॉलेजों में 1395 प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों की नियुक्ति की गयी। उन्होंने बताया कि कुल 11 चयनित अध्यापकों में से हमारे जनपद में एक सहायक अध्यापक तथा 06 प्रवक्ताओं की नियुक्ति हुई है। उनका पदस्थापन करते हुए आज पूरे प्रदेश में एक साथ उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आज लखनऊ में 15 जनपदों के नव चयनित प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र एक कार्यक्रम के दौरान वितरित किये गये जिसका सजीव प्रसारण दूरदर्शन यूपी चैनल फेसबुक तथा यू-ट्यूब पर किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में जनपद मुजफ्फरनगर निवासी 01 सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार एवं 10 प्रवक्ताओं प्रियांशी, वर्षा वर्मा, श्वेता, अतुल कुमार, अंकुर जैन, अंकित कुमार, सारिका गोयल, मोहित कुमार, संगीता सैनी व कपिल देव शर्मा को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल सहित मुख्य अतिथियों के द्वारा उन्हें शुभकामनायें देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

अंतर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

एसडी महाविद्यालय की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान

कैराना, 18 दिसंबर (बु.)। विजय सिंह पथिक राजकीय पीजी कॉलेज में मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा पुरुष वर्ग की अंतर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय कांधला की प्राचार्या डॉ. प्रमोद कुमारी, विजय सिंह पथिक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र पाल सिंह एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एसडी मैनेजमेंट कॉलेज मुजफ्फरनगर, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, डीएवी कॉलेज बुढ़ाना, एसडी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर तथा विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना की टीमों ने प्रतिभाग किया। टूनार्मेंट का प्रथम मैच गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान एवं डीएवी कॉलेज बुढ़ाना के मध्य आयोजित हुआ जिसमें गोचर महाविद्यालय की टीम विजयी रही।

टूनार्मेंट का दूसरा मैच एसडी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर तथा विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना के मध्य हुआ, जिसमें एसडी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का तृतीय मैच एस डी मैनेजमेंट कॉलेज एवं गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन के मध्य हुआ, जिसमें एसडी मैनेजमेंट कॉलेज की टीम विजयी रही। तृतीय स्थान के लिए विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना एवं गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन के मध्य हुआ, जिसमें विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना की टीम विजयी रही। टूनार्मेंट का फाइनल मैच एसडी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर एवं एसडी मैनेजमेंट कॉलेज मुजफ्फरनगर के मध्य हुआ, जिसमें एसडी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में विश्विद्यालय द्वारा मनोनीत निर्णायक मंडल के सदस्यों संजीव राठी, प्रदीप मान, अभिषेक मान, सोनिया कुमारी, बिजेंद्र सिंह एवं मेहरबान का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल, डॉ. भूमेश कुमार, डॉ. अजय बाबू शर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. राम कुमार, डॉ. हंसराज, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. डॉली, डॉ. रमेश यादव, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. जय प्रकाश, रवि, गौरव, पप्पन आदि का सहयोग रहा। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट विशाल, सलोनी, काजल, सीमा, टिशा, सुहैल, नीरज, दानिश, बिलाल, अर्जुन आदि का सहयोग रहा। अंत में पुरस्कार वितरण हुआ। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. हरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

चीन से तनातनी के बीच सेला दर्रा सुरंग निर्माण में आई तेजी

ईटानगर, 18 दिसंबर (वार्ता)। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन से तनातनी के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हर मौसम में संपर्क साधने के लिए सेला दर्रा सुरंग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह सुरंग 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई जा रही है। हाल ही में चीनी सैनिकों की भारतीय सीमा में घुसपैठ के बाद हुई -ड़प के कारण सीमा पर तनाव बना हुआ है और विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसे देखते हुए इसे जल्द पूरा करने पर जोर है।

सेला दर्रा सुरंग का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना से जुड़े एक कर्मचारी नंद किशोर ने कहा कि सुरंग के जुलाई 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। टनल के पूरा होने के बाद दूरी करीब 8-9 किमी कम हो जाएगी। इस परियोजना में एक जुड़वां ट्यूब सहित दो सुरंगें शामिल हैं। टनल 2 में ट्रैफिक के लिए एक बाइ-लेन ट्यूब और आपात स्थिति के लिए एक एस्केप ट्यूब है।

जटनगला में अब 21 को महा पंचायत करेंगे किसान

भाकियू अराजनैतिक का धरना बदस्तूर जारी

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। मुआवजे की मांगे को लेकर गांव जटनगला में भाकियू अराजनैतिक संगठन व किसानों का धरना छठे दिन भी बदस्तूर जारी रहा। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर 20 दिसम्बर तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता तो 21 दिसम्बर को धरना स्थल पर ही महापंचायत की जाएगी। वहीं छठे दिन रेल फेट कॉरिडोर का निर्माण कार्य बंद रहा। ठंड में किसान धरना स्थल पर जमे रहे।

ईस्टर्न डेडिकेटेड रेल फ्रंट कॉरिडोर का निर्माण कार्य रविवार को छठे दिन भी बंद पड़ा रहा। भाकियू अराजनैतिक संगठन के साथ किसान गांव जटनंगला में धरने पर बैठे रहे। भाकियू अराजैतिक के जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि अगर 20 दिसम्बर तक किसानों के मुआवजे की समस्या का समाधान नहीं किया जाता तो 21 दिसम्बर को धरना स्थल पर महापंचायत की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन लगातार किसानों की समस्या की अनदेखी कर रहा है। शनिवार को इस संबंध में एडीएम वित्त अरविन्द्र कुमार मिश्र से वार्ता विफल रही। कड़ाके की ठंड में किसान धरना स्थल पर जमे हुए है। 8 गांव के 55 किसानों को मुआवजा न मिलने पर जटनगला में धरना दिया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नीरज पहलवान, अक्षय त्यागी, आदित्य बालियान, सुधीर पहलवान, सुरेन्द्र रावल, नीरज मलिक व मंयक त्यागी मौजूद रहे।

आरप

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत

भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में पी 15 बी मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत कल भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ। ये युद्धपोत आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की मिसाल है, इसमें लगे सामान का 75 फीसद भारत ही में बना है। रक्षा मंत्री ने इस युद्धपोत के बारे में कहा कि ये भारत में बनने वाले सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक है और ये समंदर में भारत की क्षमताओं में बढ़ोतरी करेगा। माजगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड का बनाया गया ये युद्धपोत देश की रक्षा उपकरण तैयार करने की देश की काबिलियत का बड़ा उदाहरण है। इसमें शक नहीं है कि आने वाले वक़्त में हम न केवल अपनी जरूरतों के लिए, बल्कि दुनियाभर की जरूरतों के लिए भी युद्धपोत बनाएंगे। नेवी प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि मोरमुगाओ का नाम इसी नाम के बंदरगाह पर आधारित है। भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने वाला ये युद्धपोत भारतीय नेवी के प्रोजेक्ट 15 बी के तहत बनाया गया है। भारतीय नेवी के वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो ने जो चार विशाखापट्टनम क्लास विध्वंसक युद्धपोत डिजाइन किए हैं, उनमें से आईएनएस मोरमुगाओ दूसरा है। इस क्लास का पहला युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम 21 नवंबर 2021 में औपचारिक तौर पर भारतीय नेवी का हिस्सा बना था। आईएनएस मोरमुगाओ युद्धपोत बनाने की शुरूआत सितंबर 2016 से हुई थी और समंदर में इसका ट्रायल 19 दिसंबर 2021 में हुआ था। आईएनएस मोरमुगाओ की लंबाई 163 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर है। पानी में उतरने पर इसकी डिस्प्लेसमेंट क्षमता 7,400 टन है। इस युद्धपोत में अत्याधुनिक सेंसर लगे हुए हैं, जो दुश्मन के हमले का अंदाजा लगा सकते हैं। रक्षा मंत्री का कहना है कि हथियारों से लैस यह दुनिया का सबसे आधुनिक मिसाइल करियर होगा। ये युद्धपोत जमीन से हवा में मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें, जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल ब्रह्मोस से लैस है। समंदर के भीतर दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाने के लिए इसमें देश में ही बने टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर और रॉकेट लॉन्चर लगे हैं। नेवी के अनुसार ये युद्धपोत परमाणु, बायोलॉजिकल और केमिकल युद्ध की स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें आधुनिक सर्विलांस रडार सिस्टम लगा है, जो दुश्मन के हमले का सटीक आंकलन करने में सक्षम है। इसमें चार ताकतवर टर्बाइन लगे हुए हैं और ये युद्धपोत 55 किलोमीर प्रति घंटे की स्पीड ले सकता है। इससे पहले भारत ने अपने सबसे बड़े जंगी जहाज विक्रांत को अपने बेड़े में शामिल किया। विक्रांत को बनाने में 20,000 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इस जंगी जहाज की भी 76 प्रतिशत चीजें भारत में बनी हैं। इन्हें करीब 500 भारतीय कंपनियों ने बनाया। नेवी और सीएसएल दोनों ही इसे भारतीय डिफेंस सेक्टर में निवेश की तरह देख रहे हैं। सरकार के मुताबिक पिछले 13 सालों में जहाज बनाने के क्षेत्र में करीब 15000 नौकरियां आई हैं। विक्रांत के अंदर 2300 कंपार्टमेंट हैं, इसमें प्रवेश करते ही लोग भूल जाते हैं कि ये एक जहाज है। इस 262 मीटर लंबे और 60 मीटर ऊंचे जहाज पर समुद्र की तेज लहरों का कोई खास असर महसूस नहीं होता। जहाज को चौड़े रास्ते और सीढ़ियां जोड़ते हैं, इसलिए एक जगह से दूसरी जगह जाना मुश्किल नहीं है। एयरकंडीशनर बाहर की उमस और गर्मी को अंदर नहीं आने देते। भारत के पहले एयरक्राफ़्ट कैरियर का भी नाम विक्रांत था। उसे ब्रिटेन की रॉयल नेवी से खरीदा गया था और 1961 में कमीशन किया गया था। 1997 में आइएनएस विक्रांत को डिकमीशन कर दिया गया। इसने कई मिलिट्री ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निबाही थी। इसमें 1700 लोग काम कर रहे हैं। विक्रांत पर एक बड़ी मेडिकल फैसेलिटी है। यहां एक 16 बेड का अस्पताल भी है, दो ऑपरेशन थिएटर हैं, लैब है, आईसीयू हैं और सीटी स्कैन है। यहां पांच अफसर डॉक्टर और 15 पैरामेडिक हैं। ये नेवी की सबसे बड़ी मेडिकल फैसिलिटी है। यह एक ऐसा जहाज है, जहां 30 फाइटर प्लेन और हेलिकॉप्टर रखे जा सकते हैं। दूसरे ऐसे एयरक्राफ़्ट भी हैं, जिसमें इससे ज्यादा एयरक्राफ़्ट रखे जा सकते हैं, जैसे कि आइएनएस विक्रमादित्य। यूके की रॉयल नेवी की क्वीन एलीजाबेथ में 40 और अमेरिकी नेवी की निमित्ज क्लास कैरियर में 60 से ज्यादा एयरक्राफ़्ट आ सकते हैं। इसका फ़्लाइट डेक करीब 12,500 स्कॉयर मीटर का है यानी कि करीब अढाई हॉकी फील्ड जितना और यहां से हम एक बार में 12 फाइटर प्लेन और छह हेलीकॉप्टर को ऑपरेट कर सकते हैं। ये पहले के एयरक्राफ़्ट कैरियर से बहुत बड़ा है। विक्रांत की खास बात ये है कि ये रूसी अमेरिकी और भारतीय एयरक्राफ़्ट को एक ही हैंगर में रख सकता है। चीन को समुद्र में टक्कर देने के लिए भारतीय नौसेना में स्वदेशी आईएनएस मोरमुगाओ विशेष भूमिका निबाहेगा, आईएनएस मोरमुगाओ कई एडवांस हथियारों और मिसाइलों से लैस है। इसमें आधुनिक रडार और हवा में मारने में सक्षम मिसाइलें लगी हुई हैं। इसी एक खासियत यह भी है कि दुश्मन के रडार इसे आसानी से लोकेट नहीं कर सकते। आईएनएस मोरमुगाओ में रॉकेट लॉन्चर, तारपीडो लॉन्चर और एसएडब्लू हेलिकॉप्टर की व्यवस्था है। ये आईएनएस सभी तरह के न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और कैमिकल युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी लड़ने में सक्षम है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की नौसेना नाम मात्र की थी। विभाजन की शर्तों के अनुसार लगभग एक तिहाई सेना पाकिस्तान को चली गई। कुछ अतिशय महत्व के नौसैनिक संस्थान भी पाकिस्तान के हो गए। भारत सरकार ने नौसेना के विस्तार की तत्काल योजना बनाई और एक वर्ष बीतने के पहले ही ग्रेट ब्रिटेन से 7, 030 टन का क्रूजर " दिल्ली" खरीदा। इसके बाद ध्वंसक " राजपूत", " राणा", " रणजीत", " गोदावरी", " गंगा" और " गोमती" खरीदे गए। इसके बाद आठ हजार टन का क्रूजर खरीदा गया। इसका नामकरण " मैसूर" हुआ। 1964 तक भारतीय बेड़े में वायुयानवाहक, विक्रांत, क्रूजर "दिल्ली" एवं "मैसूर" दो ध्वंसक स्क्वाड्रन तथा अनेक फ्रिगेट स्कवाड्रन थे, जिनमें कुछ अति आधुनिक पनडुब्बीनाशक तथा वायुयाननाशक फ्रिगेट सम्मिलित किए जा चुके थे।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"हवस" "मोहब्बत" "हकीकत" "आजमत"

हवस को भी मोहब्बत का यहाँ जो नाम देते हैं,
मोहब्बत की हकीकत और अजमत को न समझेंगे।
बसेरा जिनके जहनों में हवस का हो चुका हो वो,
शराफत को न समझेंगे, सदाकत को न समझेंगे।

श्रद्धांजलि

अत्यंत दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती शांति देवी जी (धर्मपत्नी स्व. श्री कंवरभान जी) का आकस्मिक निधन दिनांक 08 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म तेरहवीं दिनांक 20 दिसम्बर 2022, दिन मंगलवार को समय दोपहर 2 से 3 बजे, स्थान : गुरूद्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

—शोकाकुल परिवार—
उत्तम चन्द्र शर्मा, संस्थापक मुजफ्फरनगर बुलेटिन (देवर)
अनिल अरोरा–निर्मल अरोरा (पुत्र–पुत्रवधु)
घनश्याम अरोरा–सुनीता अरोरा (पुत्र–पुत्रवधु)
गंगा देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश, आशा देवी–नानकचंद (पुत्री–दामाद)

—प्रतिष्ठान—
● अनिल साड़ी एम्पोरियम न्यू एस.डी. मार्किट, मुजफ्फरनगर
● अभिषेक साड़ी एम्पोरियम न्यू एस.डी. मार्किट, मुजफ्फरनगर
● मुजफ्फरनगर बुलेटिन निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर
● सागर टैक्सटाइल एस.डी. मार्किट, मुजफ्फरनगर
निवास :- 125, उत्तरी सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9897039107, 9897405107

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया आज

23 दिसम्बर को आवश्यक हुआ तो होगा मतदान

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वर्ष-2023 के वार्षिक चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट कंपाउंड में प्रातः 11 बजे से 02 बजे दोपहर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के साथ ही चुनावी बिगुल बज जाएगा। बीते दिवस डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा एड. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में बीते वर्ष के चुनाव सम्बन्धी अभिलेखों के निस्पादन बाद चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में फोटोयुक्त वोटर लिस्ट के प्रकाशन के साथ नई कार्यकारिणी के गठन के लिए प्रातः 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच अपराह्न 3 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि 20 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र वापसी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यक हुआ तो 23 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान व 24 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से मतगणना समाप्ति और परिणाम की घोषणा होगी। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रतिभाग करने के लिए मतदाता को अपना बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से जारी सीओपी कार्ड की फोटो स्टेट या प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई मतदाता सीओपी कार्ड को नहीं लाएगा, तो ऐसे मतदाता को नामांकन व मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग करने का अधिकार नहीं दिया जा सकेगा। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी के अलावा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी अधिवक्ता रियाज हसन राठी, आमोद कुमार त्यागी, रमेश चन्द गोयल, उमेश कुमार शर्मा, ठा. नीरज कुमार, मनोज सौदाई, सुदेश कुमार, सत्तेस्वर मौजूद रहे।

कोट्टायम के इलाकों में फैला बर्ड फ्लू, कई पक्षी मारे गए

तिरुवनंतपुरम, 18 दिसम्बर (वार्ता)। केरल के कोट्टायम के कुछ इलाकों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। कोट्टायम के पशु चिकित्सा प्रमुख ने बताया कि दो जगहों पर एच5एन1 वायरस का प्रकोप है। उन्होंने कहा, हमने उपाय किए हैं। कई पक्षी मारे गए हैं। क्षेत्र को कीटाणुरहित किया गया है।

ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। उपकेंद्र अब सुरक्षित है। कल तक पोल्ट्री उत्पादों पर से प्रतिबंध हटाया जा सकता है। बर्ड फ्लू, जिसे एवियन इंफ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है, एक वायरल संक्रमण है जो पक्षियों से पक्षियों में और कभी-कभार इंसानों में भी फैलता है। यह वायरस ज्यादातर पक्षियों के लिए जानलेवा ही साबित होता है।

श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में महोत्सव संपन्न

-भव्य वार्षिक रथयात्रा में बड़ी संख्या में पहुंचे जैन श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। जानसठ रोड स्थित सुरेन्द्र नगर स्थित श्री 1008 नेमिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर प्रांगण में रविवार को एक भव्य वार्षिक रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर से मौहल्ले के मुख्य मार्गो से बैंड बाजों के साथ भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथयात्रा के दौरान मंदिर समिति से जुड़े तमाम पदाधिकारियों के अलावा जैन समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रविवार को नगर के जानसठ रोड स्थित मौहल्ला सुरेन्द्र नगर में श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर के भव्य वार्षिकोत्सव पर मांगलिक कार्यक्रमों की कड़ी में प्रातः बेला में मंदिर परिसर में जहां श्री जी का अभिषेक एवं पूजन, धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ रथ के पात्रों का चयन किया गया। वहीं दूसरी ओर दोपहर 12 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य रथयात्रा बैंड बाजों के साथ आयोजित की गई। इससे पूर्व ध्वजारोहण कार्यक्रम में डॉ. सुनील जैन, राजन जैन द्वारा धर्म ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा मंडप उद्घाटन मनोज जैन तथा मंच का उद्घाटन अलका जैन द्वारा किया गया। वार्षिक रथयात्रा महोत्सव की बेला में आयोजित कार्यक्रमों में खलासी की बोली प्रवीण जैन और राजेश जैन ने ली। मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई भव्य रथयात्रा क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान रथयात्रा में बैंड बाजों पर मधुर धुनों के साथ जैन समाज के महिला और पुरुष व बच्चे पूरी आस्था के साथ शामिल रहे। इसके साथ कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राजेश जैन, मयूर छाता, रविन्द्र कुमार जैन वहलना वाले, पुनीत जैन एड. जिनेन्द्र एजेन्सीज, डॉ. सुनील जैन, राजन जैन, प्रवीण जैन, राजेश जैन हुण्डई वाले, विनोद जैन, राजीव जैन, रवि जैन खतौली वाले, राजीव जैन, संजय जैन प्रेम विहार कालोनी, अलका जैन, गणधर जैन, सुनील जैन, प्रवीण जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शाहपुर में मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की बैठक सम्पन्न

सरकार की शिक्षा नीति का अध्ययन करेंगे : रामप्रसाद शर्मा

शाहपुर, 18 दिसम्बर (बु.)। उप्र मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा ने कहा कि महासभा के सभी पदाधिकारी व सदस्य एकजुट होकर कार्य करेंगे, तो विद्यालयों के समक्ष आने वाली समस्याओं का समाधान कराया जा सकेगा। बैठक में नई शिक्षा नीति पर भी चर्चा की गई। कस्बे के कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित उप्र मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की ब्लॉक इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा ने कहा कि महासभा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए संघर्ष कर रही हैं। सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य एकजुट होकर कार्य करेंगे, तो विद्यालयों के समक्ष आने वाली समस्याओं का निदान कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी नई शिक्षा नीति का बारीकी से अध्ययन किया गया है, उसमें जो खामियां थी उस पर आपत्तियां लगाई गई है, जिनमें से सरकार ने कई आपत्तियों को स्वीकार कर लिया है, जबकि महासभा ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी को लेकर भी आपत्ति दर्ज की है और इस संबंध में शिक्षा मंत्री से मिलकर वार्ता की गई है, जिसमें शिक्षा मंत्री ने इसको भी निरस्त करने का आश्वासन दिया है यदि यह निरस्त नहीं किया जाता तो महासभा अदालत में भी जाएगी। बैठक में स्थानीय स्कूल प्रबंधकों द्वारा छात्र द्वारा स्कूल छोड़ते समय शेष शिक्षण शुल्क न दिए जाने पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी विद्यालय बिना टीसी व एनओसी के किसी भी छात्र का नया प्रवेश न ले। इसके अलावा बैठक में अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी व संचालन अमित जैन द्वारा किया गया। बैठक को मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रकम पाल सैनी, जिला महामंत्री राधेलाल चौहान आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में डॉ. ओमपाल सिंह, सत्येंद्र कुमार, कर्ण सिंह, रणवीर सिंह आर्य, शिवदत्त त्यागी, कल्याण गुरुजी, देवशरण त्यागी, यशपाल सिंह, उस्मान अली, जाहिद अली, देवेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, ---अली मियां, राशिद खान, सत्यवीर सिंह, पवन वर्मा व पवन शर्मा सहित आदि विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

कलाल क्षत्रिय महासभा के कार्यालय का किया शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। रुड़की रोड पर कुटेसरा बस स्टैंड के सामने रविवार को कलाल क्षत्रिय महासभा के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कलाल क्षत्रिय महासभा के संयोजक विजय कर्णवाल ने रिबन काटकर जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। महासभा के जिला संयोजक विजय कर्णवाल ने कहा कि कलाल समाज के पूर्वज प्राचीन व मध्यवर्ती इतिहास में कुशल शासक एवं बहादुर योद्धा के रूप में जाने गए हैं तथा कलाल समाज का अतीत बहुत ही गौरवशाली एवं यश पूर्ण रहा है। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कर्णवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र वीर सिंह कर्णवाल, महामंत्री ऋषिराज राही वालिया, उपाध्यक्ष संजय कर्णवाल, नानक चंद वालिया, रोहिताश कर्णवाल, कोषाध्यक्ष राजेश कर्णवाल, मंत्री शैलेंद्र कर्णवाल, मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल तथा कर्ण कुमार कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

शलभ कौशिक ने किया अब चेयरमैन के लिए दावा

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। जनपद मुजफ्फरनगर में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच टिकट के दावेदारों में एक दूसरे से आगे निकलकर पार्टी हाईकमान को स्वयं को सक्षम बताने की होड़ सी लगी है, जिसमें घर-परिवार से जाति-धर्म और क्षेत्र की भागीदारी को ओर प्रबल करने में जुटे हैं। इन्हीं तमाम तैयारियों के बीच रविवार को भी भाजपा कार्यालय पर नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत चेयरमैन और सभासदों के लिए दावेदारों की लाईन लगी रही। नगर पालिका परिषद चेयरमैन में अपनी मजबूत दावेदारी करते हुए रविवार को जिला टैक्स बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष शलभ कौशिक द्वारा नगर विधायक व प्रदेश में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर जाकर अपनी दावेदारी करते हुए बॉयोडेटा सौंपा गया। पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष पद हेतु शलभ कौशिक ने बाद में पार्टी कार्यालय पर भी अपना आवेदन पूर्व विधायक अशोक कंसल नगर निकाय संयोजक व जिला उपाध्यक्ष भाजपा विजेंद्र पाल को भी सौंपा। मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद चेयरमैन के पद के लिए चुनाव लड़ने की इस दावेदारी के दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोड़ा, आरके शर्मा, भुवनेश गुप्ता, मनोज अरोड़ा, जग रोशन गोयल, राजीव गर्ग, नितिन गुप्ता,संदीप मित्तल, अतुल्य कौशिक, मुनीश शर्मा, गौरव शर्मा, संजीव संगम, अमृत पाल, डागर पालीवाल,अभिलाष गुप्ता, नीरज पाल, विकास वत्स आदि समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

शाहपुर पुलिस ने मतदान केंद्रों के ऊपर उड़ाया ड्रोन

-आसपास के मकानों की छतों को चेक किया गया -ईट पत्थर एवं अनावश्यक सामग्री मिलने पर होगी कार्रवाई

शाहपुर, 18 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में आगामी नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने कस्बे के मतदान केंद्रों व आसपास के मकानों की ड्रोन से निगरानी करा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । कस्बे में आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक कराने को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी तरह सतर्क है। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने शनिवार को कस्बे में 9 मतदान केंद्रों पर 22 बूथों होने वाले चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ड्रोन से निगरानी कराई । इसके अलावा थानाध्यक्ष ने मतदान केंद्रों के आसपास स्थित आवासों की भी निगरानी कराई तथा देखा कि किसी मकान की छत पर ईट , पत्थर के अलावा कोई अनावश्यक सामग्री तो नहीं है । शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं इनमें 22 मतदान स्थल हैं मतदान केंद्रों में हरिजन चौपाल, आदर्श प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 व 2, दिगंबर जैन स्कूल, इस्लामिया मदरसा, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बुलेटिन को बताया कि भ्रामक सूचना देने वालों के अलावा अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी । थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला कस्यावान में कुरैशियो के दो पक्षों में तनाव के मद्देनजर उनके मकानों के ऊपर भी ड्रोन उड़ाकर निगरानी की गई। इसके अलावा उन्होंने नगर के मुख्य मार्गो एवं बाजारों में भ्रमण कर व्यापारियों की समस्याएं सुनी जबकि संदिग्ध लोगों की जांच कराई फुट पेट्रोलिंग के दौरान भारी पुलिसबल मौजूद रहा थाना प्रभारी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से भी नगर के हाईटेक कैमरों के संबंध में जानकारी हासिल की।

चोरी की दो बाइकों के साथ दो चोर गिरफ्तार

शामली, 18 दिसम्बर (बु.)। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को आदर्श मंडी पुलिस ने चैकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चला रहे दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की दो बाइकें भी बरामद कर ली। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम सागर पुत्र साहब सिंह व सन्नी उर्फ छोटू पुत्र बलराम निवासीगण गांव पिंडौरा थाना झिंझाना बताए। उन्होंने बताया कि एक बाइक उन्होंने हरियाणा के करनाल से तथा दूसरी बाइक दिल्ली से चोरी की गयी थी। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी ओर कैराना पुलिस ने दो पिस्टल, कारतूस व खोखे के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम महफूज उर्फ फौजी पुत्र कौसर निवासी बुढ़ाखेड़ी हाल निवासी मौहल्ला गुंबद कैराना बताया है। पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

चरथावल, 18 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा चरथावल स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में मिशन वंदे मातरम द ट्रस्ट के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग द्वारा प्रथम रजिस्ट्रेशन कराकर किया गया, जिसमें रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को उन्होंने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल कस्बे के आर्य कन्या इंटर कॉलिज में मिशन वंदे मातरम द ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन कराकर दर्जनों व्यक्तियों ने रक्तदान किया और सभी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग ने रक्तदान करने के उपरांत प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

चरथावल, 18 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा चरथावल के रोहाना तिराहे पर चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने कस्बा इंचार्ज आशुतोष आदि पुलिस टीम के साथ मिलकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाश में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों वाहनों के चालान भी काटे गए। दरअसल मुजफ्फरनगर एसएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने कस्बा इंचार्ज आशुतोष के साथ मिलकर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में रोहाना तिराहे पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान को देख वाहन चालक इधर उधर भागते नजर आए। साथ ही कस्बा इंचार्ज आशुतोष कुमार ने दर्जन भर वाहनों के चालान काटे। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी भी ली गई।

क्रिसमस-डे न मनाकर तुलसी दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। रविवार को श्री श्यामा श्याम मंदिर गांधीनगर में एक बालिका शिविर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा लगाये गये कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अरुणा गर्ग विभाग कार्यवाहिका द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बालिजाएं जो कि 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु की थी, सभी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे खो-खो, संगठन शक्ति कलियुगे, नियुद्ध, दंड प्रशिक्षण, शाखा लगाना आदि कार्यक्रम विभाग शारीरिक प्रमुख मनीषा एवम प्रियंका द्वारा कराए गए। बौद्धिक सुनीता गौड़ विभाग बौद्धिक प्रमुख द्वारा लिया गया, जिसमें बालिकाओं को आत्मसुरक्षा किस प्रकार करनी चाहिए, मानसिक और बौद्धिक विकास किस प्रकार हो। तेजस्वी राष्ट्र का पुनर्निर्माण कैसे हो, इस पर भी चर्चा की गई। बच्चों को 25 दिसंबर को क्रिसमस-डे न मनाकर तुलसी दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिक्षा भार्गव द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन नीति अग्रवाल सह जिला कार्यवाहिका, अनु अग्रवाल सुशील राठी, प्रेरणा बंसल द्वारा किया गया। शिविर में समिति की सेविकाये अंशु गर्ग, मंजू माहेश्वरी, प्रीति गुप्ता, सीमा गोयल, सीता उपाध्याय आदि उपस्थित रही। सभी बालिकाओं और समिति की बहनों ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन किया। अंत में सभी बालिकाओं से सप्ताह में एक बार शाखा पर आने का अनुग्रह भी किया गया।

शलभ गुप्ता ने चेयरमैनी के लिए ठोकी ताल

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सदर बाजार स्थित शलभ गुप्ता के कार्यालय से सैकड़ों की संख्या में सर्वसमाज के व्यक्तियों ने एकत्रित होकर समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे। शलभ गुप्ता एडवोकेट द्वारा सर्वसमाज के व्यक्तियों के साथ जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, विधायक चंदन चौहान, जिलाध्यक्ष श्याम लाल बच्ची सैनी, पूर्व नगर अध्यक्ष अंसार आढ़ती की मौजूदगी में आवेदन-पत्र सौंपा गया और सर्व समाज द्वारा अखिलेश यादव के नारे लगाते हुए शलभ गुप्ता के लिए शहर से चेयरमैन टिकट की मांग की। मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद गर्ग अध्यक्ष वैश्य राजवंश सभा, नरेंद्र गुप्ता संरक्षक राजवंश सभा, विपिन गुप्ता उपाध्यक्ष राजवंश सभा, राकेश गर्ग राजवंश सभा, प्रशांत एडवोकेट राजवंश सभा, अमित गुप्ता एडवोकेट राजवंश सभा, अश्वनी सिंघल राजवंश सभा, दीपक मित्तल सर्राफ, मयंक बंसल सर्राफ, जनार्दन विश्वकर्मा पूर्व सभासद, प्रवीन तायल व्यापारी नेता, विजय बाटा, पवन अरोरा, अमित जैन, नरेंद्र ठाकुर, अमित शील, महेक सिंह बाल्मीकि, दीपक गंभीर, तरुण सौदे एड, प्रवीन उपाध्याय, मुकेश वशिष्ट, अक्षित अग्रवाल, देवेश गर्ग, अंकुर गोयल, शाहिद त्यागी, रवि अहलावत एड., संजीव चौधरी, अनिरुद्ध बालियान, सैनी साहब, शशांक त्यागी, धीरज शर्मा, विनोद विश्वकर्मा, विनीत मेहरा, अभिमन्यु गर्ग मौजूद रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज, केशवपुरी, मुजफ्फरनगर

चुनाव सूचना

क्र0	चुनाव कार्यक्रम	दिनांक एवं समय
1	सदस्यता सूची का प्रकाशन	20-12-2022, प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
2	सूची पर आपत्ति	20-12-2022, दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
3	सूची पर आपत्ति निस्तारण	20-12-2022, अपराह्न 2 बजे से सायं 4 बजे तक
4	नामांकन प्राप्ति	27-12-2022, प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
5	नामांकन पत्रों की जांच	27-12-2022, दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
6	नाम वापसी	27-12-2022, अपराह्न 2 बजे से सायं 4 बजे तक
7	उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प

2024 की फतह का मंत्र दे गये जयंत

खतौली की जीत के बाद अब निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए जुटने का दिया संदेश

-राकेश शर्मा-

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी खतौली की जीत पर आम जनता का धन्यवाद करने के साथ इसी समीकरण पर 2024 की फतह का मंत्र भी दे गये। यदि इसी तरह यह गठबंधन मजबूत रहा, तो कोई भी ताकत दिल्ली के तख्तो ताज तक आप सबको पहुचंने से नहीं रोक सकती। गांव, गली और घर तक पहुंचने के फार्मूले को कारगर बताते हुए जयंत ने अपने अगले साल के प्लान का भी आज जनता के बीच कर दिया।

खतौली के उपचुनाव में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी का फार्मूला पूरी तरह कामयाब रहा है। सत्ताधारी भाजपा को बिना अहसास कराये खतौली सीट पर काबिज होकर रालोद ने अपनी जीत का परचम लहराया है। जीत के बाद रालोद प्रमुख ने इस बार पहले की तरह कोई चूक नहीं की। जीत के तत्काल बाद खतौली में भाईचारा सम्मेलन के बहाने नई लड़ाई का बिगुल बजा दिया। बड़ी बात यह थी कि रालोद प्रमुख ने जैसा सोचा था, वैसा ही अपार भीड़ के रूप में नजर आया। यह बात अलग है कि निकाय चुनाव की दावेदारी के चलते अधिकांश भावी उम्मीदवारों ने एक तरह से शक्ति प्रदर्शन किया था। जनसमूह की नब्ज को पकड़ते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि खतौली में आप लोगों ने वो सब कर दिखाया है, जिसे लोग असंभव मानते थे। एक बार फिर साबित हुआ है कि रिक्शा, भैंसा बुग्गी, ट्रेक्टर, खुरपी और नल चलाने वाले इस देश के मालिक हैं। यदि आप कोई फैसला कर लें, तो कोई भी ताकत आपके फैसले को नहीं पलट सकती है। उन्होंने एक कविता के माध्यम से कहा कि फिर धीरे-धीरे यहां का मौसम बदलने लगा है। चुनाव के अनुभव उनके लिए बेहद ही मीठे हैं और वो ताउम्र उन्हें नहीं भूल पायेंगे। गांव, गली और घर-घर पर उनकी दस्तक ने बड़ा काम किया है। जयंत चौधरी का जोर इस बात पर ज्यादा रहा कि उपचुनाव में जातीय गठबंधन मजबूत होकर उभरा है। उन्होंने साफतौर से कहा कि यह जातीय गठजोड़ ही, 2024 के चुनाव में फतह दिलाने का काम करेगा। इसलिए रालोद कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है वो गांव गांव जाकर भाईचारे को और मजबूत करने का काम करें। कुल मिलाकर धन्यवाद रैली करने के पीछे मकसद यही रहा कि निकाय और लोकसभा चुनाव में बने इस सियासी माहौल को अपने पक्ष में बरकरार रखा जाये। इसी सोच के चलते रालोद प्रमुख ने अब गांव, गली और घर तक पहुंचने का विजयी मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया है। देखना दिलचस्प रहेगा कि यह मंत्र रालोद को सत्ता के कितने करीब तक ले जा पायेगा।

नए साल के बाद जयंत चौधरी चलायेंगे समरसता अभियान

खतौली। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि खतौली की जनता ने हमें ताकत देने के साथ ही समाज को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी भी दी है, हम निराश नहीं करेंगे। इसी जिम्मेदारी को सम-ाते हुए रालोद ने अब समरसता अभियान चलाने का फैसला किया है। नए साल के बाद समरसता अभियान चलेगा। वह खुद साल 2023 में 15 सौ गांव में जाएंगे और सामाजिक गठजोड़ को मजबूत बनाने का काम किया जायेगा। उन्होंने अपने पिता पूर्व मंत्री स्व. चौ. अजित सिंह के सामाजिक सद्भाव के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने का संकल्प लेते हुए कहा कि हर व्यक्ति से मिलकर बातचीत करने का प्रयास होगा। उनको सम-ांगे और खुद को उन्हें सम-ायेंगे। गांवों में हर तीसरे दिन कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई है। गांव में बैठकों का दौर टूटने नहीं दिया जायेगा। इन बैठकों में सर्वसमाज की बात होगी, सम्मान के साथ सभी को अपनी बात रखने का मौका मिलेगा, परस्परा संवाद से हम एक दूसरे को सम-ांगे। उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव में देखा है कि जहां पर भाईचारा संदेश लेकर चौ. अजित सिंह नहीं जा पाये, वहां भी लोगों ने अपने दिलों के अंदर और घरों के भीतर हमारे लिए बहुत कुछ सजा संवार कर रखा है, ये मेरे लिए सम्मान की बात है। यही मेरी पूंजी है और मैं इसी को अपनी विरासत मानता हूं। हम गठबंधन की बात सत्ता पाने के लिए नहीं कर रहे हैं, हम सामाजिक गठबंधन चाहते हैं, हम उन सपनों को साकार करने के प्रयास में व्यवस्था बदलने के लिए चल रहे हैं।

दो सगे भाईयों की कार की टक्कर से मौत

नोएडा, 18 दिसम्बर (वार्ता)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में कोटद्वार के रहने वाले दो सगे भाइयों रोहित और मोहित की मौत हो गई। दोनों युवक नोएडा में नौकरी करते थे और बाइक से कोटद्वार स्थित अपने घर जा रहे थे। चितौड़ा के पास वह बाइक पर रुके हुए थे, इसी दौरान पीछे से आई ब्रेजा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई बाइक समेत उछलकर एक्सप्रेसवे से नीचे जा गिरे और कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान कोटद्वार के गांव सीलानी निवासी रामचंद्र रावत के बेटे रोहित (25) व मोहित (23) के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई हैं और नोएडा की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। हादसे के बाद चालक अपनी कार को एक्सप्रेसवे पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस अब एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेकर कार सवार युवक की पहचान का प्रयास कर रही है। कार के नंबर से उसके मालिक की जानकारी भी जुटाई गई है। कार की नंबर प्लेट पर हरियाणा का नंबर (एचआर-98जी -1367) लिखा हुआ है।

ट्रक की चपेट में आकर दो मासूम बच्चियों और माता-पिता की मौत

पीलीभीत, 18 दिसम्बर (वार्ता)। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर नोवल शुगर मिल के पास ट्रक की चपेट में आकर दंपती और उनकी दो मासूम बेटियों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब बरखेड़ा के गांव परेवा अनूप निवासी प्रीतमराम (26) पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से रविवार दोपहर दो बजे रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, प्रीतमराम पत्नी ईश्वरी देवी (24) और दो बेटियों नंदनी (4) और डेढ़ वर्षीय बेबी उर्फ रूबी के साथ दो दिन पहले अमरिया के गांव सुश्वार में साढू मुकेश के यहां गए थे। रविवार को घर लौटते वक्त बरखेड़ा कस्बे से थोड़ा पहले पीछे से आते गेहूं की बोरियों से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। बाइक गिरकर ट्रक के नीचे आ गई। दंपती और बेटी नंदनी की मौके पर ही मौत हो गई। छोटी बेटी बेबी को लोग सीएचसी ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक कौशर अली को लोगों ने करीब एक किलोमीटर पीछा करके पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। नौगवां पकड़िया का रहने वाला चालक कौशर कोटेदारों के यहां सरकारी राशन पहुंचाने जा रहा था।

चोरी किये गये 10 लाख रुपए के गुड़ समेत ट्रक ड्राईवर गिरफ्तार

खतौली, 18 दिसम्बर, (बु.)। कोतवाली पुलिस ने लगभग दस लाख रुपए की कीमत का चोरी 250 कुन्तल गुड़ सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक मशकूर अली सहित सन्नी अत्री व धर्मेन्द्र सिंह पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर निकटवर्ती गांव तिगांई रजवाहे के निकट से एक वांछित अभियुक्त राजू उर्फ रामजीलाल पुत्र ओमकार निवासी गांव नौझर थाना शाहपुरा जनपद जयपुर राजस्थान को दबौचकर अभियुक्त की निशानदेही पर गुड़ व्यापारी का चोरी किया गया लगभग दस लाख रुपए कीमत का 250 कुन्तल गुड़ सहित दो ट्रक की फर्जी नम्बर प्लेट बरामद कर गुड़ से भरे ट्रक के गबन करने की वारदात का पदार्फाश किया। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी गुड़ व्यापारी मौ0 आसिफ द्वारा विगत 9 नवम्बर को कोतवाली में दी गयी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके द्वारा सोनू ट्रांसपोर्ट कम्पनी से एक ट्रक किराये पर लेकर लगभग दस लाख रुपए का गुड़ भरवाया था। ट्रक ड्राईवर गुड़ से लदे ट्रक को लेकर गायब हो गया है। वादी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर घटना के अनावरण हेतु तत्वावधान पुलिस टीम का किया गया, जिसके पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा गायब गुड़ सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है पुलिस के कथनानुसार अभियुक्त द्वारा फर्जी प्लेट लगे गुड़ से भरे ट्रक को एक स्थान पर छिपा दिया गया।

चिनाई मिस्त्री पर किया जानलेवा हमला

भोपा, 18 दिसम्बर (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बहुपुरा निवासी चिनाई मिस्त्री तिलकराम ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार को वह अपना काम समाप्त कर अपने घर आया था। खाना खाने के बाद वह देर रात गांव के बाहर लगी अपने बुआ के लड़के की इंटरलॉकिंग फैक्ट्री में उसका हालचाल लेने के लिए जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह गांव के बाहर चौराहे पर पहुंचा, तो वहां आये दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियो ने उसकी जेब मे रखे रुपये निकाल लिए। जब उसने आरोपियों का विरोध किया, तो उन्होंने उसके सिर पर जान से मारने की नीयत से सरिए से वार कर दिया। सरिए से वार होता देख उसने उस वार को अपने हाथ से रोक लिया, जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गयी। घायल होने के बाद उसने शोर मचाया, तो आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए, जिन्हें देख आरोपी उसे कानूनी कार्यवाही करने पर गोली मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों को पहचानने का दावा करते हुए थाने पर तहरीर देकर व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

बेईमान दिल न जाने कब किस पे आ जाये

सोशल मीडिया के माध्यम से बनी नजदीकियां

भोपा, 18 दिसम्बर (बु.)। अनोखी खबर प्रकाश में आई कि अपने से आधी उम्र के युवक पर महिला का दिल लट्टू हो गया। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां के युवक की फेसबुक के माध्यम से मेरठ क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता से बातचीत शुरू हुई, जिसके माध्यम से महिला का अपने से आधी उम्र के युवक पर दिल आ गया, जिसे लेकर महिला आज भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के घर पहुंच गई, जहां युवक के परिजन महिला को देखकर हैरान हो गए। जब दोनों में आपस में प्रेम प्रसंग की बात कही, तो लोगों में गहमा गहमी शुरू हो गई। महिला और वह नवयुवक नहीं माना तो युवक के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक व महिला को थाने बुला लिया। वहां पहुंचकर लोगों ने जब महिला व युवक को सामाजिकता का हवाला देते हुए समझाया, तो दोनों मान गये और दोनों थाने से वापस चले गए। पुलिस का कहना है कि किसी भी ओर से कोई तहरीर आदि नहीं दी गयी है और सभी थाने से वापस लौट गए थे।

36 साल बाद अर्जेंटीना ने जीता विश्वकप फुटबाल

निर्धारित समय में 2-2 और एक्स्ट्रा टाइम में 3-3 पर था मुकाबला, पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने 4 और फ्रांस ने किये सिर्फ 2 गोल

नई दिल्ली, 18 दिसंबर (वार्ता)। फीफा फुटबॉल विश्वकप में आज रोमांचक मुकाबले मे अर्जेंटीना ने 36 साल बाद विश्व कप जीत लिया। पेनल्टी शूटआउट में उसने दो के मुकाबले चार गोल कर फ्रांस को हरा दिया। इससे पूर्व अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। निर्धारित 90 मिनट तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। वहां लियोनल मेसी ने शानदार गोल कर टीम को 3-2 से आगे कर दिया। फिर फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे ने गोल कर मैच को 3-3 की बराबरी पर ला लिया था। किलियन एम्बाप्पे ने 118वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर फ्रांस को मैच में वापस ला दिया और स्कोर 3-3 की बराबरी पर पहुंच गया। इससे पहले मैच के पहले हाफ में लियोनल मेसी और एंजेल डी मारिया के गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने 2-0 की बढ़त हासिल कर रखी थी। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला अर्जेंटीना आसानी से जीत लेगा तभी 80वें और 81वें मिनट में किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दाग दिए। उनके गोलों की बदौलत फ्रांस मैच में वापस आ गया। फ्रांस ने पहला गोल कर मैच में वापसी की उम्मीद जगाई। कीलियन एमबाप्पे ने टूनार्मेंट में पहली पेनल्टी ली और कीपर मार्टिनेज को तेज शॉट से छकाने में सफलता हासिल की। इससे पूर्व 79वां मिनट में फ्रांस को पेनल्टी मिली और अर्जेंटीना के ओट्टामेंडी ने थुर्रम को बॉक्स में पीछे से फाउल किया और रेफरी ने सीधे पेनल्टी दे दी। 71वें मिनट में फ्रांस का पहला शॉट आया और एमबाप्पे ने ये कोशिश की. बॉक्स के अंदर उन्होंने कुछ खिलाड़ियों को छकाते हुए गोल की ओर शॉट दागा, लेकिन सामने डिफेंसिव लाइन इतनी मजबूत थी, कि शॉट टारगेट पर नहीं ले पाए. गेंद गोल के ऊपर से निकल गई। दूसरे हाफ में भी देशों की टीम में एनर्जी की कमी दिखी। 65वें मिनट में अर्जेंटीना ने पहला चेंज किया और दूसरा गोल करने वाले डिमारिया बाहर गए। उनके बाहर जाते ही फैंस ने जोर से तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। दूसरे हाफ में भी पहला शॉट अर्जेंटीना की ओर से आया। 58वें मिनट में डिमारिया ने बॉक्स के पास अल्वारेज को पास किया, जिन्होंने बेहतरीन पहले टच से डिफेंडर को छकाया और बाएं पैर से शॉट लिया, लेकिन लॉरिस ने डाइव मारकर गेंद को रोक लिया। पहले हाफ में बुरी तरह दबाव में रहने वाली फ्रांस ने दूसरे हाफ में स्थिति को थोड़ा नियंत्रण में रखा और अर्जेंटीना को हावी नहीं होने दिया।

अरविन्द केजरीवाल पर लूट गैंग चलाने का आरोप लगाया

नई दिल्ली, 18 दिसंबर (वार्ता)। मंडोली जेल में ठगी के आरोप में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर जेल से चिट्ठी लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन पर हमला बोला है। चिट्ठी में आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल की ओर से गठित उच्चाधिकार कमेटी के सामने बयान देने के बाद से जेल प्रशासन की ओर उसे धमकी दी जा रही है। साथ ही परिवार वालों को भी कई नंबरों से धमकी मिल रही है। लेकिन उसने साफ कर दिया कि वह भाजपा के दबाव में आकर कोई आरोप नहीं लगाया है और अपने बयान पर कायम है। साथ ही कहा कि कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।

अपने वकील के जरिए भिजवाए चिट्ठी में सुकेश ने लिखा कि अरविंद केजरीवाल भाजपा के दबाव में पत्र लिखने के आरोप लगाते हैं, जबकि उससे किसी ने ऐसी कोई चिट्ठियां लिखने के लिए नहीं कहा है। हाल के चुनाव नतीजों का जिक्र करते हुए सुकेश चंद्रशेखर ने केजरीवाल से कहा कि वह दो सौ से ज्यादा सीट मिलने का दावा कर रहे थे और उसके लगाए आरोपों को बेतुका बताकर जीतने का दावा कर रहे थे, लेकिन उन्हें इसकी रियलिटी चेक करनी चाहिए। आप को काफी कम अंतर से जीत मिली है। सत्येंद्र जैन के अधीन सभी सीटें आप हार गए और मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र में सीटों का क्या हुआ। यह आपके राजनीति के अंत की शुरूआत है। सुकेश ने लिखा है कि मैंने आपके साथ बेहद करीब से काम किया है इसलिए मैं जानता हूं आप कैसे ऑपरेट करते हैं। केजरीवाल पर लूट गैंग चलाने का आरोप लगाते हुए सुकेश ने लिखा कि वह जैन को इसलिए नहीं हटा रहे हैं क्योंकि वह उनका सारा भंडाफोड़ देंगे। सुकेश का दावा है कि जैन के पास एक काले-भूरे रंग की डायरी है जिसमें सारे लेन-देन का ब्योरा है। उसने दो फोन नंबर का जिक्र करते हुए कहा कि इन नंबरों से उसके परिवार को धमकी दी जा रही है। उसने तिहाड़ जेल में सत्येंद्र जैन के फोन इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया है। सुकेश ने चिट्ठी में पूछा है कि यह नंबर किसका है। सुकेश ने केजरीवाल और जैन दोनों को महाठग कहकर संबोधित किया है। उसने जीके उर्फ जयकिशन नाम के किसी शख्स का जिक्र किया है और दावा किया है कि जैन के दबाव में उसने जीके की गर्लफ्रेंड के लिए मुंबई के गोरेगांव में सात करोड़ का अपार्टमेंट खरीदकर दिया। चिट्ठी के आखिर में सुकेश ने धमकी दी है कि वह सबका भंडाफोड़ देगा।

वृद्धा के साथ मारपीट कर अंगुली चबाई

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मौहल्ला आनन्दपुर में पड़ौसी युवक ने वृद्धा के साथ बुरी तरह से मारपीट करते हुए उसकी अंगुली को चबाकर अलग कर दिया। पीड़िता के पुत्र ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौहल्ला आनन्दपुरी निवासी शिवम पुत्र ब्रजभूषण ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि पड़ौस के ही विनोद पुत्र केवल ने अकारण ही उसकी माता जी सुनीता के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और उनकी अंगुली को चबाकर अलग कर दिया। पीड़िता का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सिविल लाईन पुलिस ने वारदात करने के इरादे से घूम रहे बदमाश को तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाईन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ोडी रोड पर घूम रहे एक संदिग्ध युवक को उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी महमूदनगर निवासी मौहम्मद राणा पुत्र मुश्ताक है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

सड़क हादसों में चचेरे भाइयों समेत तीन की मौत

प्रयागराज, 18 दिसंबर (वार्ता)। दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। कीडगंज में बालू ठेकेदार मो. आरिफ(35) को ट्रक ने कुचल दिया। वहीं हंडिया के बरौत में बेकाबू कार बाइकसवार चचेरे भाइयों के लिए काल बन गई। ट्रक चालक पकड़ लिया गया है जबकि कारचालक का पता लगाया जा रहा है। आरिफ करेली के चेतना गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास स्थित अकामा कॉलोनी में रहता था। वह शनिवार देर रात जीटी जवाहर चौराहे के पास साइट पर गया था। वहां से रात एक बजे के करीब वह बाइक से लौटने लगा। बांगड़ चौराहे पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। उसे ट्रक समेत थाने लाया गया। उधर जानकारी पर ठेकेदार की पत्नी नगमा भी आ गई। कीडगंज इंस्पेक्टर राममूर्ति यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही ट्रक भी सीज कर दिया गया है। उधर हंडिया के बरौत में हुए हादसे में चचेरे भाइयों की मौत हो गई। फूलपुर के भमई हुसामगंज गांव निवासी सुशील मौर्य (21), उसका चचेर भाई विवेक (30) और परिवार के ही रितेश (18) एक ही बाइक से भदोही स्थित सीतामढ़ी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। वह बरौत में कोखराज-हंडिया हाईवे पर चकमदा गांव के सामने पहुंचे थे कि तभी पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। विवेक व सुशील सड़क पर गिरे और कार दोनों को रौंदते हुए निकल गई। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर बाइक सवार तीसरा युवक रितेश भी गंभीर चोटिल हुआ। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी में रितेश ने बताया कि कार सवार वाराणसी की ओर भाग निकला। उसने बताया कि विवेक सूरत में रहकर नौकरी करता था और 10 दिन पहले ही घर आया था। सुशील आईटीआई का छात्र था। हंडिया इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि कारचालक की तलाश की जा रही है।

तेलंगाना कांग्रेस में पीसीसी के 13 सदस्यों ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद, 18 दिसम्बर (वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस में आंतरिक कलह तेज होती दिख रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के 13 सदस्यों ने कुछ वरिष्ठ नेताओं की टिप्पणियों के विरोध में रविवार को इस्तीफा दे दिया कि अन्य दलों से कांग्रेस में आए लोगों को प्रमुखता मिली है। इन 13 सदस्यों में कांग्रेस विधायक डी. अनसूया (सीतक्का) और पूर्व विधायक वी. नरेंद्र रेड्डी भी शामिल हैं। अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के कुछ पूर्व नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के संबंध में शनिवार को कहा था कि अगर दूसरे दलों से कांग्रेस में आने वालों को पार्टी में प्राथमिकता दी जाएगी, तो इससे मूल कांग्रेस कार्यकताओं के बीच क्या संदेश जाएगा।

वृद्धा को सम्मोहित कर लाखों के गहने, नकदी व मोबाइल फोन लूटा

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। सिविल लाईन थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश एक वृद्धा को सम्मोहित कर लाखों के गहने, नकदी व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। सिविल लाईन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौहल्ला उत्तरी सिविल लाईन निवासी अरुण पंवार पुत्र धर्मवीर सिंह ने बताया कि उसकी माताजी मंजू रानी नमकीन लेने के लिये होली एंजिल्स स्कूल के सामने स्थित नमकीन की दुकान पर आई थी, जहां एक युवक ने उन्हें सम्मोहित कर 3 तौले सोने की चैन, कानों के बुंदे, पर्स, जिसमें 5 हजार रुपए नकद व मोबाइल फोन था, लूट लिया और फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

चरथावल में मंडप सजकर तैयार लेकिन दूल्हा और बारात नदारद

-रिंकलदेव सिंघल-

चरथावल, 18 दिसम्बर (बु.)। लखनऊ खण्ड पीठ द्वारा नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर आगामी 20 दिसम्बर तक रोक लगा दिए जाने से चरथावल में चेयरमैनी दावेदारों को मानो बिजली का हाई वोल्टेज झटका लगा है। पिछले तीन चार महीनों से चरथावल चेयरमैनी सीट को सामान्य कोटे में ही जाना पक्का मानकर अपनी अपनी दावेदारी ठोककर करते हुए कई कई लाख खर्च कर बैठे करीब आधा दर्जन दावेदारों को इस ताजा घटनाक्रम से मानो सांप सा सूंघ गया है। इन बेचारों की हालत इस समय ठीक उस दुल्हन जैसी नजर आ रही है, जो खुद भी सोलह श्रंगार कर कर सजी संवरी बैठी है और विवाह हेतु उसका मंडप भी सजकर तैयार है, लेकिन दूल्हे राजा और बारात नदारद है।आपको बता दें कि पिछले करीब चालीस पैंतालीस वर्षों से चरथावल सीट सामान्य पुरुष अथवा सामान्य महिला कोटे में ही चल रही है। जिले की इस महत्वपूर्ण सीट पर एससी व ओबीसी वर्ग अच्छी खासी संख्या में होने के बावजूद पिछले पचास वर्षों से आज और अभी तक एससी व ओबीसी वर्ग को चेयरमैनी के काबिल नहीं समझा गया। सवर्ण जातियों की सरकारों में इस वर्ग की पूरी पूरी उपेक्षा करते हुये "अंधा बांटे रेवड़ी अपनों अपनों को दे" नामक कहावत का पूरी ईमानदारी से पालन किया गया, जिससे एससी व ओबीसी दोनों वर्ग हर बार चेयरमैनी चुनाव में सीट के आरक्षण की घोषणा के बाद जहां खुद को पूरी तरह ठगा सा महसूस करते हैं, वहीं चरथावल चेयरमैनी सीट को सामान्य वर्ग मानो अपनी बपौती समझ बैठा है। अब यूपी के रायबरेली क्षेत्र के सोशल वर्कर वैभव पांडे ने ओबीसी आरक्षण को लेकर लखनऊ हाई कोर्ट में जो याचिका दायर की है, उसने जहां राज्य सरकार व निर्वाचन आयोग की नगर निकाय चुनावों की तैयारियों पर ऐन मौके पर पानी फेर दिया है, वहीं नगर निकायों में चेयरमैनी के दावेदारों की नींद भी उड़ा दी है। इन दावेदारों को अपनी अब तक की सारी भागदौड़ व तैयारियों पर जहां पानी फिरता नजर आ रहा है, वहीं निकाय चुनाव भी काफी दूर खिसकते नजर आ रहे हैं, जिस कारण लखनऊ हाई कोर्ट के ताजा फरमान से कम से कम चरथावल में तो चेयरमैनी के दावेदार फिलहाल सकते की हालत में हैं तथा सब की नजरें अब आगामी 20 दिसम्बर को लखनऊ हाई कोर्ट के अगले निर्णय पर लगी है।

आवारा पशु सड़कों पर घूमते ना दिखाई दें

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में ठंड में शेल्टर होम और कंबल वितरण के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। कार्यवाहक मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने निर्देश दिए हैं कि आवारा पशु सड़कों पर घूमते दिखाई ना दें। उन्होंने बढ़ती ठंड के बीच जिला प्रशासन को शेल्टर होम तथा कंकल वितरण की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश शासन के कार्यवाहक मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में समस्त मंडल आयुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ कानून व्यवस्था, गौशालाओं का रखरखाव, शिकायतों का निस्तारण एवं शेल्टर होम का सुचारू रूप से संचालन तथा कंबल वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यवाहक मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि प्रदेश में शीतकालीन प्रभाव के दृष्टिगत जनपदों में शेल्टर होम को सुचारू रूप से संचालन कराया जाए जिसमें अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं यथा रात्रि विश्राम हेतु उपयुक्त स्थान, कंबल, पाने के पानी एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण की कार्यवाही तत्काल आरंभ कर दी जाए तथा रात्रि के समय चिन्हित स्थानों पर नगर निकाय द्वारा अलाव की व्यवस्था भी कराई जाए।

उन्होंने निर्देश दिए आवारा पशु किसी भी दशा में सड़कों पर घूमते ना पाए जाएं यदि आवारा पशुओं से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए उनको गौशाला में संरक्षित किया जाए तथा आवश्यक चारे इत्यादि के साथ ठंड से बचाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा की प्रायः देखने में आ रहा है कि अधिकारीगण जन समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिस कारण आईजीआरएस शिकायत पोर्टल पर आम जनमानस की शिकायतें निर्धारित समय उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है अतः सभी जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों के संबंध में अधीनस्थों के साथ बैठक कर तत्काल रुप से आम- जनमानस की शिकायतों का निस्तारण कर राहत पहुंचाने का कार्य करें, शिकायत निस्तारण में पिछड़ने वाले जनपद के अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र एवं जनपदों में निर्धारित रूप से पैदल गस्त करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखें। आगामी नव वर्ष के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में निगरानी बनाए रखें तथा शरारती तत्वों पर यथा समय कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही अपने अधीनस्थों को विशेष रूप से सचेत करें की अनावश्यक रूप से किसी भी आमजन को परेशान ना किया जाए तथा आमजन एवं समाजसेवियों से समन्वय स्थापित करते हुए समाज एवं व्यापारी गण को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। उक्त समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

चोरी की गई गणेश जी की प्रतिमा बरामद, दो गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)। तितावी पुलिस ने चोरी की गई गणेश जी की प्रतिमा बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि तितावी थाने पर तैनात उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस गश्त के दौरान उन्होंने तितावी चीनी मिल की ओर से स्कूटर सवार दो संदिग्ध युवकों को आते देखा। पुलिस ने उनकी तलाशी ली, तो पीछे बैठे युवक के पास मौजूद बोरे में गणेश जी की प्रतिमा बरामद हुई। प्रतिमा की ऊंचाई ढाई फुट व वजन साढ़े 29 किलो था। दोनों आरोपियों ने अपने नाम रवि पुत्र सुभाष व धर्मेन्द्र पुत्र सहेन्द्र, निवासीगण जट मुझेड़ा, थाना नई मंडी बताये। पकड़े गये आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बरामद प्रतिमा तितावी चीनी मिल के सामने खड़ी एक कार की डिग्गी से चोरी की थी। पुलिस ने मुकद